ल॰स॰ = 24

$\Rightarrow 2k = 24$

$\Rightarrow k = \frac{24}{2} = 12$

संख्या = k = 12 तथा

$2k = 2 \times 12 = 24$

7. $2ax + 2y = 8$ तथा $108x + (a - b)y = 48$ के अनंत हल हैं तो कौन सा सही हैं?

@apna_pdf

उत्तर : $2ax + 2y = 8$

$108x + (a - b)y = 48$

$$\frac{2a}{108} = \frac{2}{a-b} = \frac{8}{48}$$

$$\frac{a}{54} = \frac{1}{6} \Rightarrow a = \frac{54}{6} = 9$$

$$\frac{2}{a-b} = \frac{1}{6} \Rightarrow a - b = 12$$

$\Rightarrow 9 - b = 12$

$\Rightarrow b = 9 - 12 = -3$

$a + 3b = 9 + 3(-3) = 0$

8. $21^2 + 22^2 + 23^2 + \text{-----} + 30^2$ का मान क्या है?

उत्तर : $21^2 + 22^2 + 23^2 + \text{-----} + 30^2$

$(1^2 + 2^2 + \text{---} + 30^2) - (1^2 + 2^2 + \text{----} + 20^2)$

$$= \frac{30(30+1)(2\times30+1)}{6} - \frac{20(20+1)(2\times20+1)}{6}$$

$$= \frac{30\times31\times61}{6} - \frac{20\times21\times41}{6}$$

$= 9455 - 2870$

$= 6585$

9. दो रेलगाड़ी जिनकी चाल 25 किमी/घंटा तथा 30 किमी/घंटा है। दोनों रेलगाड़ियाँ एक दूसरे के विपरीत दिशा में चल रही है। यदि वे एक दूसरे को पार करने में आधा घंटा समय लेती हैं तो दूरी ज्ञात करें?

उत्तर : सापेक्ष चाल = 25 + 30 = 50 किमी/घंटा

समय = $\frac{1}{2}$ घंटा

दूरी = चाल × समय

$= 55 \times \frac{1}{2}$

= 27.5 किमी

10. दो उम्मीदवार चुनाव लड़ते हैं। कुल मतों का 75% वोट डाले गये जिनमें 2% अवैध घोषित किये गये। जीतने वाले उम्मीदवार को 9261 वोट प्राप्त हुए जो वैध मतों का 75% हैं तो कुल वोट कितने हैं?

उत्तर : माना कुल वोटों की संख्या = x

डाले गये मतों की सख्या = x का 75%

अवैध मत = $\frac{3x}{4}$ का 2%

$$= \frac{3x}{4} \times \frac{2}{100} = \frac{3x}{200}$$

वैध मत = $\frac{3x}{4} - \frac{3x}{200}$

$$= \frac{150x - 3x}{200} = \frac{147x}{200}$$

प्रश्नानुसार

$\frac{147x}{200}$ का 75% = 9261

$$\Rightarrow \frac{147x \times 75}{200 \times 100} = 9261$$

$$\Rightarrow x = \frac{9261 \times 200 \times 100}{147 \times 75}$$

= 16800

11. वृत के केन्द्र से 13 मीटर की दूरी पर स्थित बिंदु P से एक स्पर्श रेखा खींची गयी हैं जो 12 मीटर लंबी हैं तो वृत की त्रिज्या क्या हैं?

उत्तर :



ΔOPT में,

$OT = \sqrt{OP^2 - PT^2}$

$= \sqrt{13^2 - 12^2}$

$= \sqrt{169 - 144}$

$= \sqrt{25}$

= 5 मी

$\therefore$ वृत्त की त्रिज्या = 5 मी

12. यदि $a+b=10$, $a^2-b^2=60$ तो a तथा b मान क्या हैं?

उत्तर : $a + b = 10$ _____(1)

$a^2 - b^2 = 60$

$(a+b)(a-b) = 60$

$$a - b = \frac{60}{10} = 6 \text{ _____(2)}$$

समीकरण (1) तथा (2) को हल करने पर;

$$a = \frac{10+6}{2} = \frac{16}{2} = 8$$

$b = 10 - 8 = 2$

$ab = 8 \times 2 = 16$

13. दो संख्याओं का अनुपात 1 : 2 है। यदि म॰स॰ 24 हैं तो संख्या क्या हैं?

उत्तर : माना सख्याएँ k तथा 2k हैं

म॰स॰ = 24

$\therefore$ k = 24

सख्याएँ हैं k = 24

$2k = 24 \times 2 = 48$

14. 13500 रुपये की राशि पर $13\frac{1}{3}$ वार्षिक ब्याज की दर से 10 माह का साधारण ब्याज क्या होगा?

उत्तर : ब्याज = $\frac{\text{मूलधन} \times \text{समय} \times \text{दर}}{100}$

$$= \frac{13500 \times 10 \times 40}{100 \times 12 \times 3}$$

= 1500 रुपए

15. दो लगातार सम संख्याओं का गुणनफल 528 है तो छोटी सख्या क्या हैं?

उत्तर : माना दो लगातार सम सख्याएँ x तथा $x+2$ हैं

$x(x+2) = 528$

$\Rightarrow x^2 + 2x - 528 = 0$

$\Rightarrow x^2 + 24x - 22x - 528 = 0$

$\Rightarrow x(x+24) - 22(x+24) = 0$

$\Rightarrow x(x+24)(x-22) = 0$

$x = 22$

$\therefore$ छोटी संख्या = 22

@apna_pdf

16. किसी मशीन को 15% लाभ तथा 12% हानि पर विक्रयमूल्य का अंतर 4050 रुपये हैं तो 10% लाभ पर मशीन का विक्रयमूल्य क्या होगा?

उत्तर : माना मशीन का क्रयमूल्य = x रुपए

प्रश्नानुसार

x का 115% – x का 88% = 4050

$$\frac{115x}{100} - \frac{88x}{100} = 4050$$

$$\Rightarrow 115x - 88x = 4050 \times 100$$

$$\Rightarrow 27x = 4050 \times 100$$

$$\Rightarrow x = \frac{4050 \times 100}{27} = 15000$$

मशीन का विक्रयमूल्य = 15000 का 110%

$$= \frac{15000 \times 110}{100}$$

$$= 150 \times 110$$

$$= 16500 \text{ रुपए}$$

17. 5 व्यक्ति 6 दिन तक 6 घंटे प्रतिदिन काम करके 10 खिलौने तैयार करते है तो कितने दिन में 12 व्यक्ति 8 घंटे प्रतिदिन काम करके 16 खिलौने तैयार कर सकेंगे?

उत्तर: $\frac{M_1D_1H_1}{W_1} = \frac{M_2D_2H_2}{W_2}$

$$\Rightarrow \frac{5 \times 6 \times 6}{10} = \frac{12 \times D_2 \times 8}{16}$$

$$\Rightarrow D_2 = \frac{6 \times 6 \times 8}{12 \times 8} = 3 \text{ दिन}$$

18. पहले का वेतन दूसरे से 2 गुना हैं। यदि तीसरे का वेतन एक तिहाई हैं। पहले तथा दूसरे का कुल वेतन 2250 रुपये हैं तो दूसरे का वेतन क्या है?

उत्तर : माना दूसरे का वेतन = x रुपए

पहले का वेतन = $2x$

तीसरे का वेतन = $\frac{2x}{3}$

$$\Rightarrow x + 2x = 2250$$

$$\Rightarrow 3x = 2250$$

$$\Rightarrow x = \frac{2250}{3} = 750 \text{ रुपए}$$

$\therefore$ दूसरे का वेतन = 750 रुपए

19. A की चाल 3 किमी/घंटा है, B की चाल 3.75 किमी/घंटा है। धीरे चलने वाला व्यक्ति 30 मिनट अधिक समय लेता है तो दूरी क्या है?

उत्तर : माना दूरी = x किमी

प्रश्नानुसार,

$$\frac{x}{3} - \frac{x}{3.75} = \frac{30}{60}$$

$$\Rightarrow \frac{x}{3} - \frac{100x}{375} = \frac{1}{2}$$

$$\Rightarrow \frac{125x - 100x}{375} = \frac{1}{2}$$

$$\Rightarrow 25x = \frac{375}{2}$$

$$\Rightarrow x = \frac{375}{2} = \frac{15}{2} = 7.5 \text{ किमी.}$$

20. A तथा B की क्षमता का अनुपात 10:4 है। यदि A किसी काम को 35 दिन में कर सकता है तो दोनों मिलकर काम को कितने दिन में करेगा?

उत्तर :

	A		B
क्षमता	10	:	4
कार्य दिवस	4	:	10
	2	:	5
	↓		↓
	$2 \times \frac{35}{2}$		$5 \times \frac{35}{2} = \frac{175}{2}$

दोनों द्वारा मिलकर काम पूरा करने में लगा समय = $\frac{35 \times \frac{175}{2}}{35 + \frac{175}{2}}$

$$= \frac{35 \times 175}{245} = 25 \text{ दिन}$$

21. दो वस्तुओं के विक्रयमूल्य का अनुपात 3:2 हैं। यदि दोनों के विक्रयमूल्य का अंतर 15000 रुपये हैं तो पहले वस्तु का विक्रयमूल्य क्या हैं?

उत्तर : प्रश्नानुसार,

$3k - 2k = 15000$

$k = 15000$

$\therefore$ पहले वस्तु का विक्रयमूल्य = $3k$

$= 3 \times 15000$

$= 45000$ रुपए

22. 10% की दर से 2 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज का अंतर 1125 रुपये हैं तो मूलधन क्या हैं?

2 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज

$$= \left(10 + 10 + \frac{10 \times 10}{100}\right)\%$$

$= 21$ रुपए

पुन: 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज

$$= \left(15 + 15 + \frac{15 \times 15}{100}\right)\%$$

$= 32.25$ रुपए

अंतर = 32.25 – 21 = 11.25

11.25 रुपए अंतर है तो मूलधन

= 100 रुपए

$\therefore$ अंतर 1125 रुपए है तो मूलधन

$$= \frac{100}{11.25} \times 1125$$

$$= \frac{100 \times 100 \times 1125}{1125}$$

$$= 10000 \text{ रुपए}$$

23. किसी खोखले गोले की आंतरिक तथा वाह्य त्रिज्या क्रमश: 4 सेमी तथा 8 सेमी हैं को गलाकर एक शंकु बनाया गया हैं जिसकी त्रिज्या 4 सेमी हैं तो ऊँचाई क्या हैं?

उत्तर : शंकु का आयतन = खोखले गोले का आयतन

$$\frac{1}{3}\pi r^2 h = \frac{4}{3}\pi(R_1^3 - R_2^3)$$

$$\Rightarrow 4^2 \times h = 4 \times (8^3 - 4^3)$$

$$\Rightarrow h = \frac{4 \times (512 - 64)}{4 \times 4}$$

$$= \frac{4 \times 448}{4 \times 4} = 112 \text{ सेमी}$$

@apna_pdf

24. 45 व्यक्तियों का औसत 16.2 आयु वर्ष हैं। एक व्यक्ति के जाने से औसत आयु 16.5 वर्ष हो जाता हैं। दूसरे व्यक्ति के आने से औसत आयु 16.4 हो जाता है तो दोनों व्यक्तियों का औसत क्या है?

उत्तर : 45 व्यक्तियों की कुल आयु

$= 45 \times 16.2$ वर्ष

$= 729$ वर्ष

44 व्यक्तियों की कुल आयु

$= 44 \times 16.5$

$= 726$ वर्ष

जाने वाले व्यक्ति की आयु

$= 729 - 726 = 3$ वर्ष

पुन: 45 व्यक्तियों की कुल आयु

$= 45 \times 16.4$

$= 738$ वर्ष

आने वाले व्यक्ति की आयु

$= 738 - 726$

$= 12$ वर्ष

अभीष्ट औसत आयु $= \frac{3+12}{2} = \frac{15}{2}$

$= 7\frac{1}{2}$ वर्ष

25. यदि $\sin\alpha = \frac{1}{\sqrt{5}}$ तथा $\sin\beta = \frac{1}{\sqrt{10}}$ तो $(\alpha + \beta)$ का मान क्या होगा?

उत्तर : $\sin\alpha = \frac{1}{\sqrt{5}}$

$\cos\alpha = \sqrt{1-\sin^2\alpha} = \sqrt{1-\frac{1}{5}}$

$= \sqrt{\frac{4}{5}} = \frac{2}{\sqrt{5}}$

$\sin\beta = \frac{1}{\sqrt{10}}$

$\cos\beta = \sqrt{1-\sin^2\beta} = \sqrt{1-\frac{1}{10}}$

$= \sqrt{\frac{9}{10}} = \frac{3}{\sqrt{10}}$

$\sin(\alpha+\beta) = \sin\alpha.\cos\beta + \cos\alpha.\sin\beta$

$= \frac{1}{\sqrt{5}} \times \frac{3}{\sqrt{10}} + \frac{2}{\sqrt{5}} \times \frac{1}{\sqrt{10}}$

$= \frac{3}{\sqrt{50}} + \frac{2}{\sqrt{50}} = \frac{5}{\sqrt{50}}$

$= \frac{5}{5\sqrt{2}} = \frac{1}{2}$

$\sin(\alpha+\beta) = \sin 45°$

$\therefore \alpha+\beta = 45°$

26. यदि गोले की त्रिज्या दो गुनी कर दी जाए तो आयतन में प्रतिशत वृद्धि क्या होगी?

उत्तर : माना गोले की त्रिज्या = r सेमी

गोले का आयतन $= \frac{4}{3}\pi r^3$

गोले की नयी त्रिज्या $= 2r$

गोले का आयतन $= \frac{4}{3}\pi(2\pi)^3$

$= \frac{4}{3}\pi \times 8r^3$

आयतन मे प्रतिशत वृद्धि

$= \frac{4\pi r^3(8-1)}{\frac{4}{3}\pi r^3} \times 100\%$

$= 7 \times 100\%$

$= 700\%$

27. यदि 25 कुर्सियों का लागत मूल्य, 30 कुर्सियों के विक्रयमूल्य के बराबर हैं तो हानि प्रतिशत ज्ञात करें?

उत्तर : $25 \times$ लागतमूल्य $= 30 \times$ विक्रयमूल्य

$\frac{\text{लागत मूल्य}}{\text{विक्रयमूल्य}} = \frac{30}{25} = \frac{6}{5}$

हानि प्रतिशत $= \frac{6-5}{6} \times 100$

$= \frac{100}{6} = \frac{50}{3} = 16\frac{2}{3}\%$

28. यदि $a - b = 3$ तथा $a^2 + b^2 = 29$ तो ab का मान क्या है?

उत्तर: $a - b = 3$

$\Rightarrow (a-b)^2 = 3^2$

$\Rightarrow a^2 + b^2 - 2ab = 9$

$\Rightarrow 29 - 2ab = 9$

$\Rightarrow 2ab = 29 - 9$

$\Rightarrow ab = \frac{20}{2} = 10$

29. एक वर्ग का विकर्ण 20 मीटर हैं तो उसका वर्ग क्षेत्रफल क्या हैं?

उत्तर : वर्ग का विकर्ण = 20 मीटर

वर्ग का क्षेत्रफल $= \frac{(\text{विकर्ण})^2}{2}$

$= \frac{(20)^2}{2}$

$= \frac{20 \times 20}{2} = 200$ वर्ग मीटर

30. एक व्यक्ति अपने वेतन का 65% खर्च करता है और प्रति मास 525 रुपये की बचत करता है तो उसकी मासिक आय क्या हैं?

उत्तर : बचत $= 100 - 65 = 35\%$

माना मासिक आय x रुपये है

प्रश्नानुसार,

x का $35\% = 525$

$\Rightarrow \frac{x \times 35}{100} = 525$

$\Rightarrow x = \frac{525 \times 100}{35}$

$= 1500$ रुपए

□□□

किरण प्रकाशन की पत्रिकाओं एवं पुस्तकों में प्रकाशित सामग्री संबंधी संशय (Doubt) को support@kiranprakashan.com पर हमसे बाँटें।

KIRAN PRAKASHAN

@apna_pdf

13.03.2021 (Shift–I)

1. 5% वार्षिक ब्याज की दर से 2 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अंतर 25 रुपये है तो मूलधन क्या होगा?

उत्तर : 2 वर्ष के लिए

चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अंतर = मूलधन $\times \frac{(\text{दर})^2}{(100)^2}$

$\Rightarrow 25 = \text{मूलधन} \times \frac{(5)^2}{(100)^2}$

$\therefore \text{मूलधन} = \frac{25 \times 100 \times 100}{5 \times 5}$

= 10000 रुपये

2. 15 वस्तुओं का क्रयमूल्य 25 वस्तुओं के विक्रयमूल्य के बराबर है तो प्रतिशत हानि ज्ञात करें?

उत्तर : 15 × क्रयमूल्य = 25× विक्रयमूल्य

$\frac{\text{क्रयमूल्य}}{\text{विक्रमूल्य}} = \frac{25}{15} = \frac{5}{3}$

हानि प्रतिशत $= \frac{5-3}{5} \times 100$

$= \frac{2}{5} \times 100$

= 40%

3. दो संख्याओं का अनुपात 4 : 3 है तथा उनका ल०स० 36 है तो संख्याओं का अंतर क्या है

उत्तर : माना संख्याएँ 4k तथा 3k है

ल०स० = 36

$\Rightarrow 12k = 36$

$\Rightarrow k = \frac{36}{12} = 3$

संख्याओं का अंतर = 4k – 3k = k

= 3

4 cosec 2100° का मान क्या होगा?

उत्तर : cosec 2100°

= cosec (5 × 360° + 300°)

= cosec 300°

= cosec (360° – 60°)

= –cosec 60°

$= -\frac{2}{\sqrt{3}}$

5. एक वस्तु के मूल्य में 10% की वृद्धि तथा पुनः 20% की वृद्धि होती है। यदि अंतिम मूल्य 33 रुपये है तो आरंभिक मूल्य क्या था?

उत्तर : मूल्य में अभीष्ट प्रतिशत वृद्धि

$= (10 + 20 + \frac{10 \times 20}{100})\%$

= 32%

माना वस्तु का आरंभिक मूल्य = x रुपये

x का 132% = 33

$\Rightarrow \frac{x \times 132}{100} = 33$

$\Rightarrow x = \frac{33 \times 100}{132} = 25$ रुपये

6. किसी संख्या में 52 से भग देने पर शेषफल 45 प्राप्त होता है तो उसी संख्या में 13 से भाग देने पर शेषफल क्या होगा?

उत्तर : चूकि 52, 13 से विभाज्य है

अभीष्ट शेषफल = 45 में 13 से भाग देने पर प्राप्त शेषफल = 6

7. 658 × 539 × 476 × 312 के गुणनफल में इकाई अंक क्या होगा?

उत्तर : 658 × 539 × 476 × 312 का इकाई अंक

= 8 × 9 × 6 × 2 का इकाई अंक

= 72 × 12 का इकाई अंक = 4

8. 300 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 500 मीटर लम्बे प्लेटफॉर्म को 40 सेकंड में पार करती है तो रेलगाड़ी की गति क्या है?

उत्तर : रेलगाड़ी की गति $= \frac{300+500}{40}$

$= \frac{800}{40} = 20$ मी/से.

$= 20 \times \frac{18}{5}$

= 72 किमी/घंटा

9. किसी त्रिभुज के कोण 4 : 5 : 6 के अनुपात में है तो सबसे छोटे कोण की माप क्या है?

उत्तर : प्रश्नानुसार,

त्रिभुज के तीनों कोणों का योग = 180°

$4k + 5k + 6k = 180°$

$\Rightarrow 15k = 180°$

$\Rightarrow k = \frac{180°}{5} = 12$

सबसे छोटा कोण = 4k

$= 4 \times 12 = 48°$

10. $x^2 + y^2 + 6x + 12y + 45 = 0$ तो $\frac{x+y}{x-y}$ का मान क्या है?

उत्तर : $x^2 + y^2 + 6x + 12y + 45 = 0$

$\Rightarrow x^2 + 6x + 9 + y^2 + 12y + 36 = 0$

$\Rightarrow (x+3)^2 + (y+6)^2 = 0$

$\Rightarrow x + 3 = 0 \Rightarrow x = -3$

$y + 6 = 0 \Rightarrow y = -6$

$\frac{x+y}{x-y} = \frac{-3-6}{-3-(-6)} = \frac{-9}{-3+6}$

$= \frac{-9}{3} = -3$

11. यदि a = 2b = 3c तथा a + b + c = 121 तो $\sqrt{a^2+b^2+c^2}$ का मान क्या है?

उत्तर : a = 2b = 3c

$\Rightarrow \frac{a}{6} = \frac{2b}{6} = \frac{3c}{6}$

$\Rightarrow \frac{a}{6} = \frac{b}{6} = \frac{c}{2}$

a = 6k, b = 3k, c = 2k

a + b + c = 121

$\Rightarrow 6k + 3k + 2k = 121$

$\Rightarrow 11k = 121$

$\Rightarrow k = \frac{121}{11} = 11$

$\sqrt{a^2+b^2+c^2}$

$= \sqrt{(6k)^2 + (3k)^2 + (2k)^2}$

$= \sqrt{36k^2 + 9k^2 + 4k^2}$

@apna_pdf

@apna_pdf

$= \sqrt{49k^2}$

$= 7k$

$= 7 \times 11$

$= 77$

12. कोई धनराशि 5 वर्ष में 1350 रुपये तथा 8 वर्ष में 1620 रुपये हो जाती है तो धनराशि क्या है?

उत्तर : 3 वर्ष का साधारण ब्याज

$= 1620 - 1350$

$= 270$ रुपये

5 वर्ष का साधारण ब्याज $= \frac{270}{3} \times 5$

$= 450$ रुपये

धनराशि $= 1350 - 450$

$= 900$ रुपये

13. प्रत्येक 6 सेमी त्रिज्या वाले दो वृतों के केन्द्रों के बीच दूरी 13 सेमी है तो तिर्यक उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा की लम्बाई क्या होगी?

उत्तर : तिर्यक उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा की लम्बाई

$=$



$\sqrt{a^2 - (r_1 + r_2)^2}$

$= \sqrt{13^2 - (6+6)^2}$

$= \sqrt{169 - 144}$

$= \sqrt{25} = 25$ सेमी

14. रमेश एक रुपये में 28 आम खरीदता है तथा एक रुपये में 21 आम बेचता है तो उनका लाभ प्रतिशत ज्ञात करें?

उत्तर : एक आम का क्रयमूल्य $= \frac{1}{28}$ रुपये

एक आम का विक्रयमूल्य $= \frac{1}{21}$ रुपये

लाभ प्रतिशत $= \frac{\frac{1}{21} - \frac{1}{28}}{\frac{1}{28}} \times 100$

$= \frac{\frac{28-21}{21 \times 28}}{\frac{1}{28}} \times 100$

$= \frac{7}{21 \times 28} \times 28 \times 100$

$= \frac{100}{3} = 33\frac{1}{3}\%$

15. एक व्यक्ति ने एक वस्तु को 6% की हानि पर बेचा यदि वह इसे 64 रुपये अधिक में बेचा होता तो 10% का लाभ होता तो वस्तु का क्रयमूल्य क्या है?

उत्तर : माना वस्तु का क्रयमूल्य $= x$ रुपये

प्रश्नानुसार,

x का 110% – x का 94% = 64

$\Rightarrow \frac{110x}{100} - \frac{94x}{100} = 64$

$\Rightarrow 110x - 94x = 64 \times 100$

$\Rightarrow 16x = 64 \times 100$

$\Rightarrow x = \frac{64 \times 100}{16} = 400$

$\therefore$ वस्तु का क्रयमूल्य = 400 रुपये

16. 25% के दो क्रमिक बट्टों के समतुल्य एकल बट्टा क्या होगा?

उत्तर : 25% के दो क्रमिक बट्टा के समतुल्य एकल बट्टा =

$= (25 + 25 - \frac{25 \times 25}{100})\%$

$= (50 - 6.25)\%$

$= 43.75\%$

17. $\frac{x+y}{x-y} = \frac{7}{3}$ तो $\frac{x^2+y^2}{x^2-y^2}$ का मान क्या है?

उत्तर : $\frac{x+y}{x-y} = \frac{7}{3}$

योगान्तर निष्पति से,

$\frac{x+y+x-y}{x+y-x+y} = \frac{7+3}{7-3}$

$\Rightarrow \frac{2x}{2y} = \frac{10}{4}$

$\Rightarrow \frac{x}{y} = \frac{5}{2}$

$\frac{x^2+y^2}{x^2-y^2} = \frac{5^2+2^2}{5^2-2^2}$

$= \frac{25+4}{25-4} = \frac{29}{21}$

18. 225 तथा 64 का मध्यानुपात क्या है?

उत्तर : 225 तथा 64 का मध्यानुपात

$= \sqrt{225 \times 64}$

$= 15 \times 8 = 120$

19. 8000 रुपये की राशि पर 12% की दर से 5 वर्ष का साधारण ब्याज क्या होगा?

उत्तर : साधारण ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{समय} \times \text{दर}}{100}$

$= \frac{8000 \times 5 \times 12}{100}$

$= 4800$ रुपये

20. A तथा B मिलकर काम को 10 दिन में, B तथा C काम को 15 दिन में तथा C तथा A काम को 18 दिन में पूरा कर सकतें है तो तीनों मिलकर काम को कितने दिन में पूरा करेंगे?

उत्तर : (A + B + C) का 1 दिन का कार्य

$= \frac{1}{2}(\frac{1}{10} + \frac{1}{15} + \frac{1}{18})$

$= \frac{1}{2}\left(\frac{9+6+5}{90}\right)$

$= \frac{1}{2} \times \frac{20}{90} = \frac{1}{9}$

$\therefore$ तीनो मिलकर कार्य को 9 दिन में पूरा करेगें

21. $\frac{2}{3}, \frac{4}{5}, \frac{9}{10}, \frac{7}{8}$ को आरोही क्रम में सजाएँ?

उत्तर : $\frac{2}{3} = 0.66$

$\frac{4}{5} = 0.8$

$\frac{9}{10} = 0.9$

@apna_pdf

$\frac{7}{8} = 0.875$

$\frac{2}{3} < \frac{4}{5} < \frac{7}{8} < \frac{9}{10}$

22. 7.2 किग्रा का कितना प्रतिशत 48 ग्राम हैं?

उत्तर : 48 ग्राम = 7.2 किग्रा का x%

$\Rightarrow$ 48 ग्राम = 7.2 × 1000 ग्राम × $\frac{x}{100}$

$\Rightarrow x = \frac{48 \times 100}{7200}$

$= \frac{2}{3}\% = 0.66\%$

23. $\frac{a}{b} = \frac{5}{7}$ तो $\frac{2a+3b}{3a-2b}$ का मान क्या होगा?

उत्तर : $\frac{a}{b} = \frac{5}{7}$

$\frac{2a+3b}{3a-2b} = \frac{2\times5+3\times7}{3\times5-2\times7}$

$= \frac{10+21}{15-14} = 31$

24. यदि a – b = 5 तो ab = 15 तो $a^3 - b^3$ का मान क्या होगा

उत्तर : $a^3 - b^3 = (a-b)^3 + 3ab(a-b)$

$= (5)^3 + 3 \times 15 \times 5$

$= 125 + 225$

$= 350$

25. एक बेलन की ऊँचाई 14 सेमी है तथा उसका आयतन 2475 सेमी^{3} है तो बेलन के वक्रपृष्ठ का क्षेत्रफल क्या है?

उत्तर : बेलन का आयतन = 2475 सेमी^{3}

$\pi r^2 h = 2475$

$\Rightarrow \frac{22}{7} \times r^2 \times 14 = 2475$

$\Rightarrow r^2 = \frac{2475}{44} = \frac{225}{4} = \left(\frac{15}{2}\right)^2$

$\Rightarrow r = \frac{15}{2}$

बेलन का वक्रपृष्ठीय क्षेत्रफल = $2\pi rh$

$= 2 \times \frac{22}{7} \times \frac{15}{2} \times 14$

= 660 सेमी^{2}

26. यदि a = 25, b = 30, c = 45 तो ΔABC में cosB का मान क्या है?

उत्तर : $\cos B = \frac{c^2 + a^2 - b^2}{2ca}$

$= \frac{45^2 + 25^2 - 30^2}{2 \times 45 \times 25}$

$= \frac{2025 + 625 - 900}{2 \times 45 \times 25}$

$= \frac{1750}{20 \times 45 \times 25}$

$= \frac{70}{2 \times 45} = \frac{7}{9}$

27. एक खंभे के पाद से 16 मीटर की दूरी पर स्थित एक बिन्दु से खंभे के शीर्ष का उन्नयन कोण 60° है तो खम्भे की ऊँचाई क्या है?

उत्तर : माना AB खंभा है



ΔABC में

$\tan 60° = \frac{AB}{BC}$

$\Rightarrow \sqrt{3} = \frac{AB}{16}$

$\Rightarrow AB = 16\sqrt{3}$ मीटर

$\therefore$ खंभे की ऊँचाई = $16\sqrt{3}$ मीटर

28. यदि $x + y + z = 15$, $xy + yz + zx = 70$ तो $x^3 + y^3 + z^3 - 3xyz$ का मान क्या है?

उत्तर : $x + y + z = 15$

$\Rightarrow (x + y + z)^2 = 15^2$

$\Rightarrow x^2 + y^2 + z^2 + 2(xy + yz + zx)$

$= 225$

$\Rightarrow x^2 + y^2 + z^2 = 225 - 2 \times 70$

$= 225 - 140 = 85$

$x^3 + y^3 + z^3 - 3xyz = (x + y + z)$

$[x^2 + y^2 + z^2 - (xy + yz + zx)]$

$= 15\,[85 - 70]$

$= 15 \times 15$

$= 225$

29. 6.14 घंटा को घंटा, मिनट तथा सेकंड में बदलें?

उत्तर : 6.14 घंटा = 6 घंटा + 0.14 घंटा

0.14 × 60 = 8 मिनट + 0.4 मिनट

0.4 × 60 = 24 सेकंड

6.14 घंटा = 6 घंटा, 8 मिनट, 24 सेकंड

30. 4000 रुपये क्रयमूल्य वाली एक वस्तु को किस मूल्य पर बेचा जाए ताकि 12% का लाभ हो?

उत्तर : वस्तु का क्रयमूल्य = 4000 रुपये

वस्तु का विक्रयमूल्य = 4000 का 112%

$= \frac{4000 \times 112}{100}$

= 4480 रुपये

13.03.2021 (Shift–II)

1. दो संख्याओं का ल॰ स॰ 126 तथा म॰ स॰ 2 है। यदि पहली संख्या 18 है तो दूसरी संख्या क्या होगी?

उत्तर : पहली संख्या × दूसरी संख्या = म॰ स॰ × ल॰ स॰

$\Rightarrow$ 18 × दूसरी संख्या = 2 × 126

$\Rightarrow$ दूसरी संख्या = $\frac{2 \times 126}{18} = 14$

2. राम की आय श्याम से 20% अधिक है तो राम की आय क्या होगी यदि श्याम की आय 16000 रुपये है?

@apna_pdf

उत्तर : माना श्याम की आय = 100 रुपए

राम की आय = 100 + 20 =120 रुपए

राम	:	श्याम
120	:	100
12	:	10
↓		↓
12 × 1600		10 × 1600
= 19200 रुपए		= 16000 रुपए

∴ राम की आय = 19,200 रुपए

3. 2500 रुपये की राशि पर पहले, दूसरे तथा तीसरे वर्ष की दर क्रमश: 4%, 5% तथा 6% है तो चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात करें?

उत्तर :

$$A = P\left(1+\frac{r_1}{100}\right)\left(1+\frac{r_2}{100}\right)\left(1+\frac{r_3}{100}\right)$$

$$= 2500\left(1+\frac{4}{100}\right)\left(1+\frac{5}{100}\right)\left(1+\frac{6}{100}\right)$$

$$= 2500 \times \frac{26}{25} \times \frac{21}{20} \times \frac{106}{100}$$

= 2893.8 रुपए

4. ΔABC में a = 25, b = 30, c = 45 तो cosA का मान है-

उत्तर : $\cos A = \frac{b^2+c^2-a^2}{2bc}$

$$= \frac{30^2+45^2-25^2}{2\times30\times45}$$

$$\cos A = \frac{900+2025-625}{2\times30\times45}$$

$$= \frac{2925-625}{2700}$$

$$= \frac{2300}{2700} = \frac{23}{27}$$

5. एक आयत के परिमाप व चौड़ाई का अनुपात 5 : 1 है यदि इसका क्षेत्रफल 216 वर्ग सेमी है तो इसकी लंबाई क्या होगी?

उत्तर : माना आयत का परिमाप = 5k

चौड़ाई = k

5k = 2 (लंबाई + चौड़ाई)

⇒ 5k = 2 (लंबाई + k)

$$\Rightarrow \text{लंबाई} = \frac{5k}{2} - k = \frac{3k}{2}$$

आयत का क्षेत्रफल = 216

लंबाई × चौड़ाई = 216

$$\Rightarrow \frac{3k}{2} \times k = 216$$

$$\Rightarrow k^2 = \frac{216\times2}{3} = 144$$

$$\Rightarrow k^2 = 12^2$$

k = 12

$$\text{लंबाई} = \frac{3k}{2} = \frac{3\times12}{2}$$

= 18 सेमी

6. एक त्रिभुज के दो कोणों का योग तीसरे कोण के बराबर है तो तीसरा कोण क्या होगा?

उत्तर : माना तीसरा कोण = C

C = A + B

∠A + ∠B + ∠C = 180°

∠C + ∠C = 180°

⇒ 2∠C = 180°

$$\Rightarrow \angle C = \frac{180^\circ}{2} = 90^\circ$$

7. यदि tanθ = sinθ तो $\sin^2\theta - \cos^2\theta$ का मान क्या है?

उत्तर : tanθ = sinθ

$$\Rightarrow \frac{\sin\theta}{\cos\theta} = \sin\theta$$

$$\Rightarrow \frac{1}{\cos\theta} = 1$$

⇒ cosθ = 1 = cos0° ⇒ θ = 0°

$\sin^2\theta - \cos^2\theta$

$= \sin^2 0^\circ - \cos^2 0^\circ$

$= 0 - (1)^2$

= −1

8. दो संख्याओं का औसत 62 है। यदि प्रत्येक संख्या में 2 जोड़ दिया जाता है तो संख्याओं का अनुपात 1 : 3 हो जाता है तो संख्याओं का अंतर ज्ञात करें?

उत्तर : माना संख्याएँ x तथा y है

$x + y = 2 \times 62 = 124$

$x + y = 124$ ____(1)

$$\frac{x+2}{y+2} = \frac{1}{3}$$

$\Rightarrow 3x + 6 = y + 2$

$\Rightarrow 3x - y = -4$ ____(2)

समीकरण (1) तथा (2) को हल करने पर;

$$4x = 120 \Rightarrow x = \frac{120}{4} = 30$$

$y = 124 - 30 = 94$

अंतर = 94 − 30 = 64

9. 10 सेमी के दो घन को सिरे से जोड़कर एक घनाभ बनाया गया है तो घनाभ का अंतर ज्ञात करें?

उत्तर : l = 10 + 10 = 20 सेमी

b = 10 सेमी

h = 10 सेमी

घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल = 2 ($lb + bh + hl$)

= 2 (20 × 10 + 10 × 10 + 20 × 10)

= 2 (200 + 100 + 200)

= 2 × 500

= 1000 सेमी²

10. 0.000845 में क्या घटाया जाए कि क्या पूर्ण वर्ग बन जाए?

उत्तर : 0.000845

पूर्ण वर्ग संख्या = 0.000841

∴ घटायी जाने वाली संख्या = 0.000845 − 0.000841

= 0.000004

11. किसी वस्तु को 55 रुपये में खरीदकर 57.5 रुपये में बेचा जाता है तो लाभ प्रतिशत क्या है?

उत्तर : लाभ प्रतिशत $= \frac{57.5-55}{55} \times 100$

$$= \frac{2.5}{55} \times 100$$

$$= \frac{250}{55} = 4.54\%$$

12. यदि $\tan\theta = \frac{40}{9}$ तो cosecθ का मान क्या है?

@apna_pdf

उत्तर :



$$\tan\theta = \frac{40}{9}$$

$$\therefore \operatorname{cosec}\theta = \frac{AC}{AB}$$

$$= \frac{41}{40}$$

13. $\sin\theta + \cos\theta = \frac{\sqrt{5}}{2}$ तो $(\sin\theta - \cos\theta)$ का मान क्या है?

उत्तर : $\sin\theta + \cos\theta = \frac{\sqrt{5}}{2}$ (1)

$\sin\theta - \cos\theta = k$ (2)

समीकरण (1) तथा (2) को वर्ग करके जोड़ने पर;

$$2(\sin^2\theta + \cos^2\theta) = \frac{5}{4} + k^2$$

$$\Rightarrow k^2 = 2 - \frac{5}{4}$$

$$\Rightarrow k^2 = \frac{8-5}{4}$$

$$\Rightarrow k^2 = \frac{3}{4}$$

$$\Rightarrow k = \frac{\sqrt{3}}{2}$$

$$\sin\theta - \cos\theta = \frac{\sqrt{3}}{2}$$

14. $32 \div 2 \div 2 \div 2 \div 2$ का मान क्या है?

उत्तर : $32 \div 2 \div 2 \div 2 \div 2$

$$= 32 \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2}$$

$$= 2$$

15. 2000 में क्या जोड़े कि पूर्ण वर्ग बन जाये?

उत्तर : $44^2 < 2000 < 45^2$

$45^2 = 2025$

$\therefore$ अभीष्ट संख्या $= 2025 - 2000 = 25$

16. $(99)^3$ का मान क्या है?

उत्तर : 99^3

$= (100-1)^3$

$= (100)^3 - (1)^3 - 3 \times 100 \times 1\,(100-1)$

$= 1000000 - 1 - 300\,(99)$

$= 1000000 - 1 - 29700$

$= 970299$

17. 8, 12, 18 तथा 24 का ल॰ स॰ ज्ञात करें?

उत्तर :

2	8, 12, 18, 24
2	4, 6, 9, 12
2	2, 3, 9, 6
3	1, 3, 9, 3
	1, 3, 1

ल॰ स॰ $= 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 3 = 72$

18. एक वस्तु को 873 रुपये में बेचने पर 10% की हानि होती है तो वस्तु की लागत मूल्य क्या थी?

उत्तर : वस्तु का लागत मूल्य $= \frac{100}{90} \times 873$

$= 970$ रुपए

19. 350 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 54 किमी/घंटा की चाल से 250 मीटर लम्बी गुफा को कितने समय में पार करेगी?

उत्तर : रेलगाड़ी की चाल = 54किमी/घंटा

$$= 54 \times \frac{5}{18} = 15 \text{ मी/से}$$

$$\text{समय} = \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}$$

$$= \frac{350+250}{15}$$

$$= \frac{600}{15} = 40 \text{ सेकंड}$$

20. 1500 रुपये की राशि दो वर्ष में किस दर से 1590 रुपये हो जाएगा?

उत्तर : ब्याज $= 1590 - 1500 = 90$ रुपए

$$\text{दर} = \frac{\text{ब्याज} \times 100}{\text{समय} \times \text{मूलधन}}$$

$$= \frac{90 \times 100}{2 \times 1500}$$

$$= 3\%$$

21. कोई व्यक्ति 60 सेकंड में 5 किमी की दूरी तय करता है तो 35 किमी की दूरी कितने समय में तय करेगा?

उत्तर : 5 किमी की दूरी तय करने में 60 सेकंड लगता है।

35 किमी की दूरी तय करने में

$$\frac{60}{5} \times \frac{35}{60}$$

$= 7$ मिनट

22. यदि $x = \sqrt{7+4\sqrt{3}}$ तो $x + \frac{1}{x}$ का मान क्या है?

उत्तर : $x = \sqrt{7+4\sqrt{3}}$

$$= \sqrt{7+2\times2\sqrt{3}}$$

$$= \sqrt{(2)^2 + (\sqrt{3})^2 + 2\times2\times\sqrt{3}}$$

$$= \sqrt{(2+\sqrt{3})^2}$$

$$= 2 + \sqrt{3}$$

$$\frac{1}{x} = \frac{1}{2+\sqrt{3}}$$

$$= \frac{2-\sqrt{3}}{(2+\sqrt{3})(2-\sqrt{3})} = 2-\sqrt{3}$$

$$x + \frac{1}{x} = 2 + \sqrt{3} + 2 - \sqrt{3} = 4$$

23. $3x + 2y = 23$, $y = 8$ तो x का मान क्या है?

उत्तर : $3x + 2y = 23$

$\Rightarrow 3x + 2 \times 8 = 23$

$\Rightarrow 3x = 23 - 16$

$$\Rightarrow x = \frac{7}{3}$$

@apna_pdf

24. A तथा B मिलकर किसी काम को 10 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि उनकी क्षमता का अनुपात 2 : 1 है तो A काम को पूरा करने में कितना समय लेगा?

उत्तर : A B

क्षमता 2 : 1

कुल कार्य = (2 +1) × 10 = 30

A द्वारा कार्य पूरा करने में लगा समय

$= \frac{30}{2} = 15$ दिन

25. $44\frac{5}{25}$ का सरलतम मान क्या है?

उत्तर : $44\frac{5}{25}$

$= 44\frac{1}{5}$

$= \frac{221}{5}$

26. एक घन का विकर्ण $6\sqrt{3}$ सेमी है तो घन का आयतन क्या है?

उत्तर : घन का विकर्ण = $6\sqrt{3}$

$\Rightarrow a\sqrt{3} = 6\sqrt{3}$

$\Rightarrow a = 6$

घन का आयतन = $a^3 = 6^3$

= 216 सेमी^{3}

27. एक बेलन की ऊँचाई 14 सेमी तथा वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल 660 सेमी^{2} है तो बेलन का आयतन क्या है?

उत्तर : बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल = 660

$2\pi rh = 660$

$\Rightarrow 2 \times \frac{22}{7} \times r \times 14 = 660$

$\Rightarrow r = \frac{660}{22 \times 4} = \frac{15}{2}$

बेलन का आयतन = $\pi r^2 h$

$= \frac{22}{7} \times \left(\frac{15}{2}\right)^2 \times 14$

= 2475 सेमी^{3}

28. $(0.2)^3 - (0.02)^3$ का मान क्या है?

उत्तर : $(0.2)^3 - (0.02)^3$

$= 0.008 - 0.000008$

$= 0.007992$

29. 6000 रुपये का 5 पैसे प्रति एक रुपये की दर से 6 महीने का ब्याज क्या होगा?

उत्तर : दर = $\frac{5}{2} \times 100 = 5\%$

ब्याज = $\frac{\text{मूलधन} \times \text{समय} \times \text{दर}}{100}$

$= \frac{6000 \times 6 \times 5}{12 \times 100}$

= 150 रुपए

30. एक वृत्त का क्षेत्रफल तथा परिमाप समान हैं वृत्त की त्रिज्या क्या है?

उत्तर : माना वृत्त की त्रिज्या = r

वृत्त का क्षेत्रफल = वृत्त का परिमाप

$\pi r^2 = 2\pi r$

$\Rightarrow r = 2$

$\therefore$ वृत्त की त्रिज्या = 2 इकाई

14.03.2021 (Shift–I)

1. दो संख्याओं का अनुपात 3:4 है। उनका ल॰ स॰ 84 है तो उनमें से बड़ी संख्या क्या है?

उत्तर : माना संख्याएँ 3k तथा 4k हैं

ल॰ स॰ = 12k = 84

$k = \frac{84}{12} = 7$

संख्याएँ 3k = 3 × 7 = 21

4k = 4 × 7 = 28

2. 658 × 539 × 476 × 312 के गुणनफल में इकाई का अंक क्या है?

उत्तर : 658 × 539 × 476 × 312 का इकाई अंक

= 8 × 9 × 6 × 2 का इकाई अंक

= 72 × 12 का इकाई अंक

= 2 × 2 का इकाई अंक = 4

3. A किसी कार्य को 20 दिन में कर सकता है B उसी काम को 30 दिन में कर सकता है तो दोनों मिलकर काम को कितने दिन में पूरा करेंगे?

उत्तर : A तथा B द्वारा मिलकर कार्य पूरा होने में लगा समय = $\frac{20 \times 30}{20 + 30}$

$= \frac{20 \times 30}{50} = 12$ दिन

4. 300 मीटर लंबी रेलगाड़ी 900 मीटर लंबे प्लेटफॉर्म को 40 सेकंड में पार करती है तो रेलगाड़ी की गति किमी/घंटा में क्या है?

उत्तर : रेलगाड़ी की गति = $\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

$= \frac{300 + 900}{40}$

$= \frac{1200}{40} = 30$ मी/से

$= 30 \times \frac{18}{5}$

= 108 किमी/घंटा

5. 80 रुपये अंकित मूल्य वाले छाते को 68 रुपये में बेचा गया तो छूट की दर क्या है?

उत्तर : छूट की दर = $\frac{80 - 68}{80} \times 100$

$= \frac{12}{80} \times 100$

= 15%

6. दो संख्याओं का अनुपात 5 : 6 है। यदि दोनों संख्याओं में 6 जोड़ दिया जाता है तो अनुपात 7 : 8 हो जाता है तो संख्याएँ क्या हैं?

उत्तर : माना संख्याएँ 5k तथा 6k हैं

प्रश्नानुसार,

$\frac{5k + 6}{6k + 6} = \frac{7}{8}$

$\Rightarrow 40k + 48 = 42k + 42$

$\Rightarrow 42k - 40k = 48 - 42$

$\Rightarrow 2k = 6$

$\Rightarrow k = 3$

संख्याएँ

5k = 5 × 3 = 15

6k = 6 × 3 = 18

@apna_pdf

@apna_pdf

7. 10 आदमी 6 घंटे प्रतिदिन कार्य करके एक काम को 18 दिन में पूरा करते हैं तो 15 आदमी प्रतिदिन कितने घंटे कार्य करके 12 दिन में पूरा करेंगे?

उत्तर : $M_1 \times D_1 \times H_1 = M_2 \times D_2 \times H_2$

$\Rightarrow 10 \times 18 \times 6 = 15 \times 12 \times H_2$

$\Rightarrow H_2 = \dfrac{10 \times 18 \times 6}{15 \times 12}$

$= 6$ घंटे

8. 1000 में कौन सी संख्या जोड़ी जाए कि 15 से विभाज्य हो?

उत्तर :

$$15\overline{)1000}\,(66$$
$$\underline{90}$$
$$100$$
$$\underline{90}$$
$$10$$

अभीष्ट संख्या = 1000 + 15 – 10

= 1005

9. $\dfrac{\sqrt{x}}{\sqrt{6.25}} = 2$ तो x का मान क्या है?

उत्तर : $\dfrac{\sqrt{x}}{\sqrt{6.25}} = 2$

$\Rightarrow \sqrt{x} = 2 \times \sqrt{6.25}$

$\Rightarrow x = 4 \times 6.25 = 25$

10. sin 420° का मान क्या होगा?

उत्तर : $\sin 420° = \sin(360° + 60°)$

$= \sin 60°$

$= \dfrac{\sqrt{3}}{2}$

11. एक मीनार के पाद से 80 मीटर दूर किसी बिन्दु पर मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण 60° है तो मीनार की ऊँचाई क्या है?

उत्तर :



माना AB मीनार है

ΔABC में,

$\tan 60° = \dfrac{AB}{BC}$

$\Rightarrow \sqrt{3} = \dfrac{AB}{80}$

$\Rightarrow AB = 80\sqrt{3}$ मीटर

12. $\dfrac{0.5 \times 0.5 + 0.09 - 0.15}{0.125 + 0.027}$ का मान क्या है?

उत्तर : $\dfrac{0.5 \times 0.5 + 0.09 - 0.15}{0.125 + 0.027}$

$= \dfrac{(0.5)^2 + (0.3)^2 - 0.5 \times 0.3}{(0.5)^3 + (0.3)^3}$

$= \dfrac{(0.5)^2 + (0.3)^2 - 0.5 \times 0.3}{(0.5 + 0.3)\left[(0.5)^2 + (0.3)^2 - 0.5 \times 0.3\right]}$

$= \dfrac{1}{0.8}$

$= \dfrac{10}{8} = 1.25$

13. $a^2 + b^2 = 80$ तथा $a^2 - b^2 = 48$ तो ab का मान क्या है?

उत्तर : $a^2 + b^2 = 80$

$a^2 - b^2 = 48$

$2a^2 = 128$

$\Rightarrow a^2 = \dfrac{128}{2} = 64$

$a^2 = 8^2$

$a = 8$

$8^2 + b^2 = 80$

$\Rightarrow b^2 = 80 - 64 = 16$

$\Rightarrow b^2 = 4^2$

$b = 4$

$ab = 8 \times 4 = 32$

14. $x^4 + \dfrac{1}{x^4} = 322$ तो $x^3 - \dfrac{1}{x^3}$ का मान क्या है?

उत्तर : $x^4 = \dfrac{1}{x^4} = 322$

$\Rightarrow x^4 + \dfrac{1}{x^4} + 2 = 322 + 2$

$\Rightarrow \left(x^2 + \dfrac{1}{x^2}\right)^2 = 324 = 18^2$

$\Rightarrow x^2 + \dfrac{1}{x^2} - 2 = 18 - 2$

$\Rightarrow \left(x - \dfrac{1}{x}\right)^2 = 16 = 4^2$

$x - \dfrac{1}{x} = 4$

$x^3 - \dfrac{1}{x^3} = \left(x - \dfrac{1}{x}\right)^3 + 3\left(x - \dfrac{1}{x}\right)$

$= 4^3 + 3 \times 4$

$= 64 + 12$

$= 76$

15. tan 225° का मान क्या है?

उत्तर : tan 225°

= tan (180° + 45°)

= tan 45°

= 1

16. $\dfrac{\sqrt{3}-1}{\sqrt{3}+1} + \dfrac{\sqrt{3}+1}{\sqrt{3}-1}$ का मान क्या है?

उत्तर : $\dfrac{\sqrt{3}-1}{\sqrt{3}+1} + \dfrac{\sqrt{3}+1}{\sqrt{3}-1}$

$= \dfrac{\left(\sqrt{3}-1\right)^2 + \left(\sqrt{3}+1\right)^2}{\left(\sqrt{3}+1\right)\left(\sqrt{3}-1\right)}$

$= \dfrac{3 + 1 - 2\sqrt{3} + 3 + 1 + 2\sqrt{3}}{\left(\sqrt{3}\right)^2 - (1)^2}$

$= \dfrac{4+4}{3-1}$

$= \dfrac{8}{2} = 4$

@apna_pdf

@apna_pdf

17. $\sin A = \frac{4}{\sqrt{17}}$ तो tan2A का मान क्या है?

उत्तर : $\sin A = \frac{4}{\sqrt{17}}$

$\cos A = \sqrt{1 - Sin^2 A}$

$= \sqrt{1 - \frac{16}{17}}$

$= \sqrt{\frac{17-16}{17}} = \frac{1}{\sqrt{17}}$

$\tan A = \frac{\sin A}{\cos A} = \frac{\frac{4}{\sqrt{17}}}{\frac{1}{\sqrt{17}}} = \frac{4}{1}$

$= 4$

$\tan 2A = \frac{2\tan A}{1 - \tan^2 A}$

$= \frac{2 \times 4}{1 - (4)^2} = \frac{8}{1-16}$

$= \frac{-8}{15}$

18. एक समांतर चतुर्भुज का एक कोण, सबसे बड़े कोण के दुगुने से 12 कम है तो सबसे बड़ा कोण ज्ञात करें?

उत्तर : माना एक कोण $= x$

दूसरा कोण $= 2x - 12$

$x + 2x - 12 = 180°$

$\Rightarrow 3x = 192$

$\Rightarrow x = \frac{192}{3}$

$= 64°$

$\therefore$ बड़ा कोण $= 180° - 64° = 116°$

19. $\operatorname{cosec} x - \cot x = 1$ तो $(\operatorname{cosec} x + \cot x)$ का मान क्या है?

उत्तर : $\operatorname{cosec} x - \cot x = 1$

$\operatorname{cosec}^2 x - \cot^2 x = 1$

$(\operatorname{cosec} x - \cot x)(\operatorname{cosec} x + \cot x) = 1$

$\operatorname{cosec} x + \cot x = 1$

20. $a^2 + \frac{1}{a^2} = 18$ तो $\left(a - \frac{1}{a}\right)$ का मान क्या है?

उत्तर : $a^2 + \frac{1}{a^2} = 18$

$\Rightarrow a^2 + \frac{1}{a^2} - 2 = 18 - 2$

$\Rightarrow \left(a - \frac{1}{a}\right)^2 = 16 = 4^2$

$\Rightarrow a - \frac{1}{a} = 4$

21. यदि विक्रयमूल्य तथा क्रयमूल्य का अंतर 210 रुपये है तथा लाभ 25% है तो क्रयमूल्य क्या है?

उत्तर : माना क्रयमूल्य $= x$ रुपए

विक्रयमूल्य $= 125\%$ of $x = \frac{125x}{100}$

प्रश्नानुसार,

$\frac{125x}{100} - x = 210$

$\Rightarrow \frac{125x - 100x}{100} = 210$

$\Rightarrow 25x = 210 \times 100$

$\Rightarrow x = \frac{210 \times 100}{25}$

$= 840$ रुपए

22. $\frac{15}{18}, \frac{20}{14}$ तथा $\frac{25}{16}$ का म॰ स॰ ज्ञात करें?

उत्तर : $\frac{15}{18}, \frac{20}{14}$ तथा $\frac{25}{16}$ का म॰ स॰

$= \frac{5}{6}, \frac{10}{7}$ तथा $\frac{25}{16}$ का म॰ स॰

$= \frac{5, 10 \text{ तथा } 25 \text{ का म॰ स॰}}{6, 7 \text{ तथा } 16 \text{ का ल॰ स॰}}$

$= \frac{5}{48 \times 7} = \frac{5}{336}$

23. 7.17 घंटा को घंटा मिनट तथा सेकंड में बदलें?

उत्तर : 7.17 घंटा = 7 घंटा + 0.17 घंटा

$0.17 \times 60 = 10$ मिनट + 0.2 मिनट

$0.2 \times 60 = 12$ सेकंड

7.17 घंटा = 7 घंटा 10 मिनट 12 सेकंड

24. दो संकेंद्रीय वृतों में छोटे वृत्त की त्रिज्या 6 सेमी है तथा बड़े वृत्त की त्रिज्या छोटे वृत्त से 50% अधिक है तो बीच वाले भाग का क्षेत्रफल क्या होगा?

उत्तर : r = 6 सेमी

R = 6 का 150%

$= \frac{6 \times 150}{100} = \frac{6 \times 3}{2} = 9$ सेमी

बीच वाले भाग का क्षेत्रफल

$= p(R^2 - r^2)$

$= \frac{22}{7}(9^2 - 6^2)$

$= \frac{22}{7}(81 - 36)$

$= \frac{22}{7} \times 45$

$= 141.42$ सेमी^{2}

25. 2500 रुपये पर पहले, दूसरे तथा तीसरे वर्ष का दर क्रमशः 4%, 5% तथा 6% है तो चक्रवृद्धि ब्याज क्या होगा?

उत्तर : $A = P\left(1 + \frac{R_1}{100}\right)\left(1 + \frac{R_2}{100}\right)\left(1 + \frac{R_3}{100}\right)$

$= 2500\left(1 + \frac{4}{100}\right)\left(1 + \frac{5}{100}\right)\left(1 + \frac{6}{100}\right)$

$= 2500 \times \frac{26}{25} \times \frac{21}{20} \times \frac{53}{50}$

$= 2893.80$ रुपए

चक्रवृद्धि ब्याज $= 2893.80 - 2500$

$= 393.80$ रुपए

26. A, B से 60% अधिक दक्ष है। B किसी काम को 16 दिन में कर सकता है तो A अकेला कार्य को कितने दिन में पूरा करेगा?

@apna_pdf

उत्तर :

	A	B
दक्षता	160	100
कार्य दिवस	100	160
	10	16

∴ A अकेले कार्य को 10 दिन में पूरा करेगा

27. तीन संख्याओं का अनुपात 1 : 3 : 4 है तथा उनके वर्गों का योग 2106 है तो बड़ी संख्या क्या है?

उत्तर : माना संख्याएँ k, 3k तथा 4k हैं

प्रश्नानुसार,

$k^2 + (3k)^3 + (4k)^2 = 2106$

$\Rightarrow k^2 + 9k^2 + 16k^2 = 2106$

$\Rightarrow 26k^2 = 2106$

$\Rightarrow k^2 = \frac{2106}{26} = 81$

$\Rightarrow k^2 = 9^2$

$\Rightarrow k = 9$

∴ सबसे बड़ी संख्या = 4k

$= 4 \times 9 = 36$

28. 3 लीटर शुद्ध पेट्रोल का मिश्रण है जिसमें 13 लीटर अल्कोहल मिलाया जाता है तो नये मिश्रण में अल्कोहल की मात्रा क्या है?

उत्तर : नये मिश्रण में अल्कोहल की मात्रा

$= \frac{13}{3+13} \times 100$

$= \frac{13}{16} \times 100$

$= 81.25\%$

29. तीन अंकों की ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जो 7 से पूर्णत: विभाज्य हैं?

उत्तर : तीन अंकों की संख्याएँ जो 7 से विभाज्य है

105, 112,-------- 994

$994 = 105 + (n-1)\,7$

$\Rightarrow n = \frac{994-105}{7} + 1$

$= \frac{889}{7} + 1$

$= 127+1$

$= 128$

30. किसी फर्श की लंबाई तथा चौड़ाई 4.5 मी तथा 1.5 मीटर है। इसे ढ़कने के लिए कम से कम कितने वर्गाकार टाइल्स की आवश्यकता होगी?

उत्तर : वर्गाकार टाइल्स की साइज = 450 तथा 150 का म॰ स॰ = 150 सेमी

टाइल्स की संख्या $= \frac{450 \times 150}{150 \times 150}$

$= 3$

14.03.2021 (Shift–II)

1. $11^9 + 7$ में 10 से भाग देने पर शेषफल क्या होगा?

उत्तर : $\frac{11^9+7}{10}$ का शेषफल

$= (1)^9 + 7$

$= 1 + 7 = 8$

2. यदि $a^4 + b^4 = 17$ तथा $a - b = 1$ तो $a^2 - ab$ मान क्या है?

उत्तर : $a^4 + b^4 = 17$

$a = 2$ तथा $b = 1$ रखने पर

$2^4 + 1^4 = 16 + 1 = 17$

$a - b = 1$

$\Rightarrow 2 - 1 = 1$

$a^2 - ab = 2^2 - 2 \times 1$

$= 4 - 2 = 2$

3. A तथा B किसी काम को 18 दिन में, B तथा C उसी काम को 24 दिन में तथा C तथा A 36 दिन में पूरा करते हैं तो तीनों मिलकर काम को कितने दिन में पूरा करेगा?

उत्तर : (A + B + C) का 1 दिन का कार्य

$= \frac{1}{2}\left(\frac{1}{18} + \frac{1}{24} + \frac{1}{36}\right)$

$= \frac{1}{2}\left(\frac{4+3+2}{72}\right)$

$= \frac{9}{144} = \frac{1}{16}$

∴ तीनों मिलकर कार्य को 16 दिन में पूरा करेंगे

4 $\frac{a}{b} = \frac{b}{c} = \frac{c}{d}$ तो $\frac{a^3+b^3+c^3}{a^3+b^2+d^3}$ का मान क्या है?

उत्तर : माना $\frac{a}{b} = \frac{b}{c} = \frac{c}{d} = 1$

$\therefore a = b = c = d = 1$

$\frac{a^3+b^3+c^3}{a^3+b^3+d^3} = \frac{1+1+1}{1+1+1} = \frac{3}{3}$

$= 1$

5. तीन संख्याओं का योग 98 है। पहली तथा दूसरी संख्या का अनुपात 2:3 है। दूसरी तथा तीसरी संख्या का अनुपात 5:8 है तो दूसरी संख्या क्या है?

उत्तर : माना संख्याएँ a, b तथा c हैं

a : b = 2 : 3 = 10 : 15

b : c = 5 : 8 = 15 : 24

a : b : c = 10 : 15 : 24

प्रश्नानुसार,

$10k + 15k + 24k = 98$

$\Rightarrow 49k = 98$

$\Rightarrow k = \frac{98}{49} = 2$

दूसरी संख्या = 15k

$= 15 \times 2 = 30$

6. किसी परीक्षा में एक विद्यार्थी से एक संख्या का $\frac{3}{14}$ पूछा गया था, लेकिन गलती से उसने उसका $\frac{3}{4}$ निकाला। उसका जबाब सही जबाब से 150 अधिक था तो दी गई संख्या क्या है?

उत्तर : माना संख्य = x

प्रश्नानुसार,

$\frac{3}{4}x - \frac{3}{14}x = 150$

$\Rightarrow \frac{21x - 6x}{28} = 150$

$\Rightarrow 15x = 150 \times 28$

$\Rightarrow x = \frac{150 \times 28}{15} = 280$

∴ संख्या = 280

7. यदि 40 का 15% किसी संख्या के 25% से 2 अधिक है तो वह संख्या क्या है?

@apna_pdf

उत्तर : माना संख्या = x

x का 25% + 2 = 40 का 15%

$$\Rightarrow \frac{x \times 25}{100} + 2 = \frac{40 \times 15}{100}$$

$$\Rightarrow \frac{x}{4} + 2 = 6$$

$$\Rightarrow \frac{x}{4} = 6 - 2$$

$$\Rightarrow x = 4 \times 4 = 16$$

8. साधारण ब्याज की दर पर कोई धनराशि 10 वर्ष में स्वयं का 3 गुना हो जाती है तो ब्याज की दर क्या है?

उत्तर : दर = $\frac{n-1}{t} \times 100$

$$= \frac{3-1}{10} \times 100$$

$$= \frac{2}{10} \times 100$$

= 20%

9. वृत के के केन्द्र से 24 सेमी लम्बाई वाली जीवा पर 5 सेमी लम्बाई वाला एक लम्ब खींचा जाता है तो वृत का व्यास क्या है?

उत्तर : ΔAOC में



$OA = \sqrt{12^2 + 5^2}$

$= \sqrt{144 + 25}$

$= \sqrt{169}$

= 13 सेमी

∴ वृत्त का व्यास = 2 × 13

= 26 सेमी.

10. 5000 रुपये की राशि पर 10% चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्ष के लिए ब्याज क्या होगा यदि ब्याज वार्षिक संयोजित होता है?

उत्तर : चक्रवृद्धि ब्याज = $P[(1 + \frac{r}{100})^n - 1]$

$$= 5000\,[(1 + \frac{10}{100})^2 - 1]$$

$$= 5000[(\frac{11}{10})^2 - 1]$$

$$= 5000\,[\frac{121 - 100}{100}]$$

$$= 5000 \times \frac{21}{100}$$

= 1050 रुपये

11. X तथा Y मिलकर किसी काम को 15 दिन में पूरा कर सकते है, यदि y अकेले 40 दिन मेंउस काम को पूरा कर सकता है तो x अकेले कितने दिन में पूरा करेगा?

उत्तर : x द्वारा अकेले कार्य पूरा करने में लगा समय = $\frac{40 \times 15}{40 - 15}$

$$= \frac{40 \times 15}{25}$$

= 24 दिन

12. दो संख्याएँ 3 : 4 के अनुपात में है तथा उनका ल॰स॰ 84 है तो उनमें से बड़ी संख्या क्या है?

उत्तर : माना संख्या 3k तथा 4k हैं

ल॰स॰ = 84

$\Rightarrow 12k = 84$

$$\Rightarrow k = \frac{84}{12} = 7$$

बड़ी संख्या = 4k

= 4 × 7 = 28

13. दो संख्याओं का म॰स॰ 18 तथा ल॰स॰ 378 है। यदि एक संख्या 54 है तो दूसरी संख्या क्या है?

उत्तर : पहली संख्या × दूसरी संख्या

= ल॰स॰ × म॰स॰

54 × दूसरी संख्या = 378

$$\Rightarrow \text{दूसरी संख्या} = \frac{378 \times 18}{54}$$

= 126

14. $0.13 \times P^2 = 13$ तो P का मान क्या है?

उत्तर : $0.13 \times P^2 = 13$

$$\Rightarrow P^2 = \frac{13}{0.13}$$

$$\Rightarrow P^2 = \frac{13 \times 100}{13}$$

$\Rightarrow P^2 = 10^2$

$\Rightarrow P = 10$

15. $x = \frac{2+\sqrt{3}}{2-\sqrt{3}}$ तथा $y = \frac{2-\sqrt{3}}{2+\sqrt{3}}$ तो $x^2 + y^2$ का मान क्या है?

उत्तर : $x = \frac{2+\sqrt{3}}{2-\sqrt{3}}$

$$= \frac{(2+\sqrt{3})(2+\sqrt{3})}{(2-\sqrt{3})(2+\sqrt{3})}$$

$$= \frac{4+3+4\sqrt{3}}{4-3} = 7 + 4\sqrt{3}$$

$$y = \frac{2-\sqrt{3}}{2+\sqrt{3}}$$

$$= \frac{(2-\sqrt{3})^2}{(2+\sqrt{3})(2-\sqrt{3})}$$

$$= \frac{4+3-4\sqrt{3}}{4-3} = 7 - 4\sqrt{3}$$

$x^2 + y^2 = (7 + 4\sqrt{3})^2 + (7 - 4\sqrt{3})^2$

$= 7^2 + (4\sqrt{3})^2 + 56\sqrt{3} + 7^2 + (4\sqrt{3}) - 56\sqrt{3}$

= 49 + 48 + 49 + 48

= 194

16. 5.17 घंटा को घंटा, मिनट तथा सेकंड में बदले?

उत्तर : 5.17 घंटा = 5 घंटा + 0.17 घंटा

0.17 घंटा = 0.17 × 60 = 1.02 मिनट

= 1 मिनट + 0.02 मिनट

0.02 मिनट = 0.02 × 60 = 12 सेकंड

5.17 घंटा = 5 घंटा, 1 मिनट, 12 सेकंड

@apna_pdf

@apna_pdf

17. यदि $\text{cosec}\theta - \cot\theta = 3$ तो $\text{cosec}\theta + \cot\theta$ का मान क्या है?

उत्तर : $\text{cosec}\theta - \cot\theta = 3$

$\text{cosec}^2\theta - \cot^2\theta = 1$

$(\text{cosec}\theta + \cot\theta)(\text{cosec}\theta + \cot\theta) = 1$

$\Rightarrow (\text{cosec}\theta - \cot\theta)\, 3 = 1$

$\Rightarrow \text{cosec}\theta - \cot\theta = \frac{1}{3}$

18. दो संख्याओं का अंतर 14 तथा योग 20 है तो उनका गुणनफल क्या है?

उत्तर : माना संख्याएँ a तथा b है

$a - b = 14$

$a + b = 20$

$2a = 34 \Rightarrow a = \frac{34}{2} = 17$

$a + b = 20$

$17 + b = 20 \Rightarrow b = 20 - 17 = 3$

$ab = 17 \times 3 = 51$

19. 250 रुपये की एक घड़ी को 300 रुपये में बेचने पर लाभ प्रतिशत क्या होगा?

उत्तर : प्रतिशत लाभ $= \frac{300 - 250}{250} \times 100$

$= \frac{50}{250} \times 100$

$= 20\%$

20. दो अंको की एक संख्या के अंको का योग 7 है। यदि अंको को पलट दिया जाता है तथा नयी संख्या में 3 जोड़ने पर मूल संख्या की चार गुनी हो जाती है, मूलसंख्या क्या है?

उत्तर : माना बहाई का अंक x तथा इकाई का अंक y है

संख्या $= 10x + y$

प्रश्नानुसार,

$x + y = 7$ .....(1)

अंको को पलटने पर प्राप्त संख्या

$= 10y + x$

$10y + x + 3 = 4(10x + y)$

$\Rightarrow 10y + x + 3 = 40x + 4y$

$\Rightarrow 40x + 4y - 10y - x = 3$

$\Rightarrow 39x - 6y = 3$

$\Rightarrow 13x - 2y = 1$ ..... (2)

$2x + 2y = 14$

$13x - 2y = 1$

$15x = 15$

$x = \frac{15}{15} = 1$

$x + y = 7$

$\Rightarrow 1 + y = 7$

मूल संख्या $= 10x + y$

$10 \times 1 + 7$

$10 + 7$

$= 17$

21. एक पिता तथा उसके पुत्र की आयु का योग 49 वर्ष है। उनकी आयु का अनुपात 5:2 है तो 5 वर्ष बाद पुत्र की आयु क्या होगी?

उत्तर : माना पिता की आयु $= 5k$

पुत्र की आयु $= 2k$

प्रश्नानुसार,

$5k + 2k = 49$

$7k = 49$

$k = \frac{49}{7} = 7$

5 वर्ष बाद, पुत्र की आयु $= 2k + 5$

$= 2 \times 7 + 5$

$= 19$ वर्ष

22. एक आयत की लम्बाई तथा चौड़ाई का अनुपात 3:2 है तथा उसका परिमाप 20 सेमी है तो आयत का क्षेत्रफल क्या है?

उत्तर : माना आयत की लंबाई $= 3k$

चौड़ाई $= 2k$

आयत का परिमाप $= 20$ सेमी.

$2(3k + 2k) = 20$

$5k = \frac{20}{2} = 10$

$k = \frac{10}{5} = 2$

आयत का क्षेत्रफल $= 3k \times 2k$

$= 6k^2$

$= 6 \times 2^2$

$= 24$ सेमी^{2}

23. 650 का 20%+330 का 40% का मान क्या है?

उत्तर : 650 का 20%+330 का 40%

$= \frac{650 \times 20}{100} + \frac{330 \times 40}{100}$

$= 130 + 132$

$= 262$

24. कक्षा A में 42 तथा कक्षा B में 28 छात्र हैं। कक्षा A के छात्रों का औसत वजन 25 किग्रा तथा कक्षा B के छात्रों का औसत वजन 40 किग्रा है तो दोनों कक्षाओं के कुल छात्रों का औसत वजन क्या है?

उत्तर : कुल छात्रों का औसत वजन

$= \frac{42 \times 25 + 28 \times 40}{42 + 28}$

$= \frac{1050 + 1120}{70} = \frac{2170}{70}$

$= 31$ किग्रा

25. $x^2 - 5x + 6$ तथा $x^2 - 9$ का म०स० क्या है?

उत्तर : $x^2 - 5x + 6$

$= x^2 - 3x - 2x + 6$

$= x(x - 3) - 2(x - 3)$

$= (x - 3)(x - 2)$

$x^2 - 9 = (x + 3)(x - 3)$

अभीष्ट म०स० $= (x - 3)$

26. यदि 10 रुपये में 6 केले खरीदे गये तथा 6 रुपये में 3 की दर से बेच दिया गया तो लाभ या हानि प्रतिशत क्या है?

उत्तर : 1 केले का क्रयमूल्य $= \frac{10}{6} = \frac{5}{3}$ रुपये

1 केले का विक्रयमूल्य $= \frac{6}{3} = 2$ रुपये

प्रतिशत लाभ $= \frac{2 - \frac{5}{3}}{\frac{5}{3}}$

$= \frac{1}{3} \times \frac{3}{5} \times 100$

$= 20\%$

27. $\cos 225°$ का मान क्या है?

उत्तर : $\cos 225°$

$= \cos(180° + 45°)$

$= -\cos 45°$

$= -\frac{1}{\sqrt{2}}$

@apna_pdf

28. दो वर्ग के विकर्ण का अनुपात 3 : 5 है तो क्षेत्रफल का अनुपात क्या है?

उत्तर : दो वर्गों के विकर्ण का अनुपात = 3 : 5

उनके क्षेत्रफल का अनुपात = $\frac{\frac{(3k)^2}{2}}{\frac{(5k)^2}{2}}$

$= \frac{9k^2}{25k^2}$

= 9 : 25

29. यदि $x = \sqrt{7+4\sqrt{3}}$ तो $x+\frac{1}{x}$ का मान क्या है?

उत्तर : $x = \sqrt{7+4\sqrt{3}}$

$= \sqrt{(2)^2+(\sqrt{3})^2+2\times2\times\sqrt{3}}$

$= \sqrt{(2+\sqrt{3})^2} = 2+\sqrt{3}$

$\frac{1}{x} = \frac{1}{2+\sqrt{3}}$

$= \frac{2-\sqrt{3}}{(2+\sqrt{3})(2-\sqrt{3})}$

$= \frac{2-\sqrt{2}}{2^2-(\sqrt{3})^2}$

$= 2-(\sqrt{3})$

$x+\frac{1}{x} = 2+\sqrt{3}+2-\sqrt{3}$

= 4

30. एक त्रिभुज के कोण 80°, 60° तथा 40° है तो उस त्रिभुज के बहिष्कोणों का योग क्या होगा?

उत्तर :



दिए गए त्रिभुज में,

बहिष्कोणों का योग = 100° + 140° + 120°

= 360°

15.03.2021 (Shift-I)

1. प्रथम 10 सम संख्याओं का औसत क्या है?

उत्तर : प्रथम 10 सम संख्याओं का औसत

$= \frac{2+4+6+8+\ldots+20}{10}$

$= \frac{\frac{10}{2}[2+20]}{10}$

$= \frac{5\times22}{10} = 11$

2. एक विद्यालय में 70% विद्यार्थी लड़कियाँ है। यदि लड़कों की संख्या 510 है तो विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या क्या है?

उत्तर : माना विद्यार्थियों की संख्या = x

प्रश्नानुसार,

x का 30% = 510

$\Rightarrow \frac{x\times30}{100} = 510$

$\Rightarrow x = \frac{510\times100}{30} = 1700$

3. चार संख्याएँ 1 : 3 : 4 : 7 के अनुपात में है जिनका योग 105 है तो सबसे बड़ी संख्या क्या है?

उत्तर : प्रश्नानुसार,

k + 3k + 4k + 7k = 105

$\Rightarrow$ 15k = 105

$\Rightarrow k = \frac{105}{15} = 7$

सबसे बड़ी संख्या = 7k

= 7 × 7 = 49

4. A, B से दोगुना कुशल है। यदि दोनों मिलकर काम को 12 दिन में पूरा कर सकते है तो B अकेला काम को कितने दिन में पूरा करेगा?

उत्तर :

	A	B
दक्षता	2	: 1

कुल कार्य = (2 + 1) 12 = 36

B द्वारा अकेले कार्य को पूरा करने में लगा समय = $\frac{36}{1}$ = 36 दिन

5. एक व्यक्ति को 80 रुपये में 90 कलम बेचने पर 20% की हानि होती है तो 20% लाभ कमाने के लिए 90 कलम का विक्रयमूल्य क्या होगा?

उत्तर : विक्रयमूल्य = $\frac{100+P\%}{100-L\%}$ ×पहला विक्रयमूल्य

$= \frac{100+20}{100-20}\times80$

$= \frac{120}{80}\times80 = 120$ रुपए

6. $\frac{6250}{\sqrt{x}} = 625$ तो x का मान क्या है?

उत्तर : $\frac{6250}{\sqrt{x}} = 625$

$\Rightarrow \sqrt{x} = \frac{6250}{625}$

$\Rightarrow \sqrt{x} = 10$

$\Rightarrow x = 10^2 = 100$

7. a + 2b = 55, a – 2b = –13 तो b का मान क्या है?

उत्तर : a + 2b = 55

a – 2b = –13

$2a = 42 \Rightarrow a = \frac{42}{2} = 21$

21 + 2b = 55

$\Rightarrow b = \frac{55-21}{2}$

$\Rightarrow b = \frac{34}{2} = 17$

8. A तथा B की औसत आय 200 रुपये तथा C और D की औसत आय 250 रुपये है तो A, B, C तथा D की औसत आय क्या होगा?

@apna_pdf

उत्तर : अभीष्ट औसत आय

$$= \frac{200\times2+250\times2}{4}$$

$$= \frac{400+500}{4}$$

$$= \frac{900}{4} = 225 \text{ रुपए}$$

9. एक बगीचे की लम्बाई तथा चौड़ाई का अनुपात 2:1 है तथा उसका परिमाप 60 मीटर है तो लम्बाई ज्ञात करें?

उत्तर : आयत का परिमाप = 60 मीटर

$2(2k + k) = 60$

$\Rightarrow 3k = \frac{60}{2}$

$\Rightarrow 3k = 30$

$\Rightarrow k = \frac{30}{3} = 10$

लंबाई $= 2k = 2 \times 10$

$= 20$ मीटर

10. दो संख्याएँ 7:8 के अनुपात में है। यदि प्रत्येक संख्या में 3 जोड़ा जाता है तो अनुपात 8:9 है तो संख्याएँ क्या है?

उत्तर : माना संख्याएँ 7k तथा 8k हैं

$$\frac{7k+3}{8k+3} = \frac{8}{9}$$

$\Rightarrow 63k + 27 = 64k + 24$

$\Rightarrow 64k - 63k = 27 - 24k$

$k = 3$

11. किसी राशि पर 2 वर्ष के लिए 5% वार्षिक ब्याज की दर से चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज की अंतर 16.5 रुपये है तो राशि क्या है?

उत्तर : 2 वर्ष के लिए,

चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का

अंतर = मूलधन $\times \left(\frac{\text{दर}}{100}\right)^2$

$16.5 = \text{मूलधन} \times \left(\frac{5}{100}\right)^2$

$\Rightarrow$ मूलधन $= 16.5 \times 20 \times 20$

$= 6600$ रुपए

12. किसी वर्ग का परिमाप संख्यात्मक रूप से उसके क्षेत्रफल के बराबर है तो वर्ग की भुजा क्या है?

उत्तर : माना वर्ग की भुजा = a

प्रश्नानुसार,

वर्ग का क्षेत्रफल = वर्ग का परिमाप

$a^2 = 4a$

$a = 4$ इकाई

13. A तथा B मिलकर एक कार्य को 36 दिन में पूरा कर सकते हैं A तथा B 30 दिन साथ-साथ काम किये फिर B छोड़ देता है तथा काम 40 दिन में पूरा होता है तो A अकेला कार्य को कितने दिन में पूरा करेगा?

उत्तर : प्रश्नानुसार,

$(A + B)36 = (A + B)30 + 10A$

$\Rightarrow 6(A + B) = 10A$

$\Rightarrow 6A + 6B = 10A$

$\Rightarrow 4A = 6B$

$\Rightarrow \frac{A}{B} = \frac{6}{4} = \frac{3}{2}$

A की दक्षता : B की दक्षता = 3 : 2

कुल कार्य $= 36 \times 5 = 180$

A द्वारा अकेले कार्य को पूरा करने में

लगा समय $= \frac{180}{3}$

$= 60$ दिन

14. यदि $x = 25$ तथा $y = 13$ तो $\sqrt{x^2 - 2xy + y^2}$ का मान क्या है?

उत्तर : $x = 25, y = 13$

$\sqrt{x^2 - 2xy + y^2} = \sqrt{(x - y)^2}$

$= x - y$

$= 25 - 13$

$= 12$

15. एक बहुभुज के प्रत्येक अन्त: कोण का मान 165° है तो भुजाओं की संख्या क्या है?

उत्तर : बहुभुज का प्रत्येक अंत: कोण = 165°

$$\frac{(2n-4)90^\circ}{n} = 165^\circ$$

$\Rightarrow 180n - 360 = 165n$

$\Rightarrow 180n - 165n = 360$

$\Rightarrow 15n = 360$

$\Rightarrow n = \frac{360}{15} = 24$

16. यदि 2 वर्ष के लिए 5% वार्षिक ब्याज की दर से साधारण ब्याज तथा चक्रवृद्धि ब्याज का अंतर 16.32 रुपये है तो धनराशि क्या है?

उत्तर : 2 वर्ष के लिए,

चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज की

अंतर = मूलधन $\times \left(\frac{\text{दर}}{100}\right)^2$

$16.32 = \text{मूलधन} \times \left(\frac{5}{100}\right)^2$

$\Rightarrow$ मूलधन $= 16.32 \times 20 \times 20$

$= 6528$ रुपए

17. कोई धन चक्रवृद्धि ब्याज से 8 वर्ष में 3 गुना हो जाता है तो वह धन 24 वर्ष में कितना गुना हो जाएगा?

उत्तर : $A = P\left(1+\frac{r}{100}\right)^n$

$3P = P\left(1+\frac{r}{100}\right)^8$

$3 = \left(1+\frac{r}{100}\right)^8$

$\Rightarrow 3 = \left[\left(1+\frac{r}{100}\right)^8\right]^3$

$\Rightarrow 27 = \left(1+\frac{r}{100}\right)^{24}$

घन 27 गुना हो जाएगा

18. $a = b^{2x}$, $b = c^{2y}$ तथा $c = a^{2z}$ तो xyz का मान क्या है?

उत्तर : $a = b^{2x}$, $b = c^{2y}$, $x = a^{2z}$

$a = b^{2x}$

$\Rightarrow a = (c^{2y})^{2x}$

$\Rightarrow a = c^{4xy}$

$\Rightarrow a = (a^{2z})^{4xy}$

$\Rightarrow a = a^{8xyz}$

$\Rightarrow 8xyz = 1$

$\Rightarrow xyz = \frac{1}{8}$

@apna_pdf

19. एक वस्तु को 10% की हानि पर 1980 रुपये में बेचा जाता है तो 5% लाभ के लिए वस्तु का विक्रयमूल्य क्या होगा?

उत्तर : वस्तु का विक्रयमूल्य

$$= \frac{100+P\%}{100-L\%} \times \text{पहला विक्रयमूल्य}$$

$$= \frac{100+5}{100-10} \times 1980$$

$$= \frac{105}{90} \times 1980$$

$= 2310$ रुपए

20. एक त्रिभुज के कोण 4 : 5 : 6 के अनुपात में है तो सबसे छोटा कोण क्या होगा?

उत्तर : $4k + 5k + 6k = 180°$

$\Rightarrow 15k = 180°$

$\Rightarrow k = \frac{180}{15} = 12$

सबसे छोटा कोण $= 4k$

$= 4 \times 12$

$= 48°$

21. एक फल विक्रेता 25 रुपये/किग्रा के हिसाब से 54 किग्रा आम खरीदा 4 किग्रा आम सड़ गये, शेष आम को 36 रुपये/किग्रा के दर से बेच दिया तो लाभ प्रतिशत क्या है?

उत्तर : 54 किग्रा आम का क्रयमूल्य

$= 54 \times 25$

$= 1350$ रुपए

शेष आम $= 54 - 4 = 50$ किग्रा

50 किग्रा आम का विक्रयमूल्य $= 50 \times 36$

$= 1800$ रुपए

$$\text{लाभ प्रतिशत} = \frac{1800-1350}{1350} \times 100$$

ऊर्ध्वप्रवाह गति $= \frac{48}{6} = 8$ किमी/घंटा

$$\text{स्थिर जल में नाव की गति} = \frac{12 + 8}{2}$$

$$= \frac{20}{2}$$

= 10 किमी/घंटा

30. 7000 रुपये की राशि पर 8% वार्षिक ब्याज की दर से 5 वर्ष का साधारण ब्याज क्या होगा?

उत्तर:

$$\text{साधारण ब्याज} = \frac{\text{मूलधन} \times \text{समय} \times \text{दर}}{100}$$

$$= \frac{7000 \times 5 \times 8}{100}$$

$= 70 \times 40$

= 2800 रुपये

1.04.2021 (Shift–II)

1. 8 रुपये प्रति कप की दर से 240 कप खरीदे गये। लाते वक्त 24 कप टूट गये। शेष कप को 12 रुपये प्रति कप की दर से बेचा जाता है तो प्रतिशत लाभ या हानि ज्ञात करें?

उत्तर: क्रयमूल्य = 240 × 8 = 1920 रुपये

शेष कप = 240 – 24 = 216

विक्रयमूल्य = 216 × 12 = 2592 रुपये

$$\text{प्रतिशत लाभ} = \frac{2592 - 1920}{1920} \times 100$$

$$= \frac{672 \times 100}{1920} = 35\%$$

2. दो गोले के आयतन का अनुपात 27 : 64 है तो उनके वक्रपृष्ठ के क्षेत्रफल का अनुपात क्या होगा?

उत्तर: प्रश्नानुसार,

$$\frac{4\pi R_1^3}{4\pi R_2^3} = \frac{27}{64}$$

$$\Rightarrow \left(\frac{R_1}{R_2}\right)^3 = \left(\frac{3}{4}\right)^3$$

$$\Rightarrow \frac{R_1}{R_2} = \frac{3}{4}$$

वक्रपृष्ठ के क्षेत्रफल का अनुपात

$$= \frac{4\pi R_1^2}{4\pi R_2^2}$$

$$= \left(\frac{R_1}{R_2}\right)^2$$

$$= \left(\frac{3}{4}\right)^2 = \frac{9}{16} = 9 : 16$$

3. A की आय B की आय से 30% अधिक है तो B, A से कितना प्रतिशत कम है?

@apna_pdf

उत्तर: अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{30}{100+30} \times 100$

$= \frac{30}{130} \times 100$

$= \frac{300}{13} = 23\frac{1}{13}\%$

4. वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात करें जिसे 12, 15, 18 तथा 30 से विभाजित करने पर 3 शेषफल बचे?

उत्तर:

2	12, 15, 18, 30
3	6, 15, 9, 15
5	2, 5, 3, 5
	2, 1, 3, 1

ल॰ स॰ $= 2 \times 2 \times 3 \times 3 \times 5 = 180$

अभीष्ट संख्या $= 180 + 3$

$= 183$

5. किसी वस्तु को 5000 रुपये में बेचने पर 25% का लाभ होता है तो वस्तु का क्रयमूल्य क्या है?

उत्तर: वस्तु का विक्रयमूल्य = 5000 रुपये

लाभ = 25%

वस्तु का क्रयमूल्य $= \frac{100}{125} \times 5000$

= 4000 रुपये

6. तीन घंटियाँ 18 सेकंड, 36 सेकंड तथा 72 सेकंड के अंतराल पर बजती हैं। यदि तीनों एक साथ 9:00AM पर बजती हैं तो पुन: एक साथ कितने बजे बजेंगी?

उत्तर:

2	18, 36, 72
2	9, 18, 36
3	9, 9, 18
3	3, 3, 6
	1, 1, 2

ल॰ स॰ $= 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 3$

= 72 सेकंड

अभीष्ट समय = 9:00AM + 72 सेकंड

$= 9 : 01 : 12$

7. मोहन किसी काम को 14 दिन में कर सकता है। सोहन मोहन से 40% अधिक दक्ष है तो सोहन काम को कितने दिन में करेगा?

उत्तर:

	मोहन		सोहन
दक्षता	100	:	140
	5	:	7
कार्य दिवस	7	:	5
	↓		↓
	7×2		5×2
	$= 14$		$= 10$

∴ सोहन कार्य को 10 दिन में कर सकता है

8. किसी वस्तु का विक्रयमूल्य, क्रयमूल्य का $\frac{7}{4}$ है तो लाभ प्रतिशत ज्ञात करें?

उत्तर: माना क्रयमूल्य = 100 रुपये

विक्रयमूल्य = 100 का $\frac{7}{4}$

= 175 रुपये

लाभ प्रतिशत $= \frac{175-100}{100} \times 100$

= 75%

9. राम 8 किमी/घंटा की गति से कार्यालय जाता है तो 4 मिनट पहले पहुँच जाता है तथा 4 किमी/घंटा की गति से जाता है तो 4 मिनट देरी से पहुँचता है तो घर से कार्यालय की दूरी कया है?

उत्तर: घर से कार्यालय की दूरी

$= \frac{\text{गतियों का गुणनफल}}{\text{गतियों का अंतर}} \times \frac{\text{समय का योग}}{60}$

$= \frac{8 \times 4}{8-4} \times \frac{4+4}{60}$

$= \frac{8 \times 4}{4} \times \frac{8}{60}$

$= \frac{64}{60} = \frac{16}{15} = 1.066$ किमी

10. $\left(\frac{2+\sqrt{3}}{2-\sqrt{3}}\right)^2$ का मान क्या है?

उत्तर: $\left(\frac{2+\sqrt{3}}{2-\sqrt{3}}\right)^2$

$= \left[\frac{2+\sqrt{3}}{2-\sqrt{3}} \times \frac{2+\sqrt{3}}{2-\sqrt{3}}\right]^2$

$= \left(\frac{(2+\sqrt{3})^2}{(2)^2-(\sqrt{3})^2}\right)^2$

$= \left[\frac{4+3+4\sqrt{3}}{4-3}\right]^2$

$= (7+4\sqrt{3})^2$

$= 49 + 48 + 56\sqrt{3}$

$= 97 + 56\sqrt{3}$

11. भवन के शीर्ष तथा पाद बिन्दु से मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण 30° तथा 45° है। यदि भवन की ऊँचाई 20 मी है तो मीनार की ऊँचाई क्या है?

उत्तर:



माना AB मीनार तथा CD भवन है

AB = h

ΔABC में,

$\tan 45° = \frac{AB}{BC}$

$1 = \frac{h}{BC}$

$\Rightarrow$ BC = h

ΔADE में,

$\tan 30° = \frac{AE}{DE}$

@apna_pdf

$$\Rightarrow \frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{AE}{h}$$

$$\Rightarrow AE = \frac{h}{\sqrt{3}}$$

$$\Rightarrow h - 20 = \frac{h}{\sqrt{3}}$$

$$\Rightarrow h - \frac{h}{\sqrt{3}} = 20$$

$$\Rightarrow h - \frac{h}{\sqrt{3}} = 20$$

$$\Rightarrow h\sqrt{3} - h = 20\sqrt{3}$$

$$\Rightarrow h(\sqrt{3}-1) = 20\sqrt{3}$$

$$\Rightarrow h = \frac{20\sqrt{3}}{\sqrt{3}-1} = \frac{20\sqrt{3}(\sqrt{3}+1)}{(\sqrt{3}-1)(\sqrt{3}+1)}$$

$$= \frac{20\sqrt{3}(\sqrt{3}+1)}{3-1} = 10(3+\sqrt{3})$$

मी

12. $\frac{(\cos ec\theta - \cot\theta)(1+\cos\theta)}{\sin\theta}$ का मान क्या है?

उत्तर:

$$\frac{(\cos ec\theta - \cot\theta)}{Sin\theta}$$

$$= \frac{\left(\frac{1}{\sin\theta} - \frac{\cos\theta}{\sin\theta}\right)(1+\cos\theta)}{\sin\theta}$$

$$= \frac{(1-\cos\theta)(1+\cos\theta)}{\sin^2\theta}$$

$$= \frac{1-\cos^2\theta}{\sin^2\theta} = \frac{\sin^2\theta}{\sin^2\theta} = 1$$

13. A तथा B की वर्तमान आयु का अनुपात 7 : 6 है। 9 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 10:9 हो जाता है तो A की वर्तमान आयु क्या है?

उत्तर: माना A तथा B की वर्तमान आयु क्रमश: 7k तथा 6k है

9 वर्ष बाद,

$$\frac{\text{A की आयु}}{\text{B की आयु}} = \frac{10}{9}$$

$$\Rightarrow \frac{7k+9}{6k+9} = \frac{10}{9}$$

$$\Rightarrow 63k + 81 = 60k + 90$$

$$\Rightarrow 63k - 60k = 90 - 81$$

$$\Rightarrow 3k = 9$$

$$\Rightarrow k = \frac{9}{3} = 3$$

A की वर्तमान आयु = 7k

$= 7 \times 3 = 21$ वर्ष

14. किसी बहुभुज के आंतरिक तथा वाह्य कोण का अंतर 120 है तो बहुभुज में भुजाओं की संख्या कितनी है?

उत्तर:

माना बहुभुज का आंतरिक कोण = I

वाह्य कोण = E

प्रश्नानुसार,

$I - E = 120$ _____(1)

$I + E = 180$ _____(2)

समीकरण (1) तथा (2) से

$$I = \frac{120+180}{2} = \frac{300}{2} = 150$$

$E = 180 - 150 = 30$

बहुभुज के भुजाओं की संख्या $= \frac{360}{30}$

$= 12$

15. यदि $\tan\theta = \frac{7}{24}$ तो $\sec\theta + \text{cosec}\theta$ का मान है?

उत्तर:



$$\tan\theta = \frac{7}{24}$$

$$\sec\theta = \frac{AC}{BC} = \frac{25}{24}$$

$$\text{cosec}\theta = \frac{AC}{AB} = \frac{25}{7}$$

$$\sec\theta + \text{cosec}\theta = \frac{25}{24} + \frac{25}{7}$$

$$= \frac{175+600}{168} = \frac{775}{168}$$

16. $\frac{3}{5}, \frac{5}{7}, \frac{11}{13}, \frac{15}{17}$ में सबसे बड़ी भिन्न कौन सी है?

उत्तर:

$\frac{3}{5})2\ \frac{5}{7})2\ \frac{11}{13})2\ \frac{15}{17})2$

अंश तथा हर का अंतर = 2

$\therefore$ सबसे बड़ी भिन्न = $\frac{15}{17}$

17. $\left(\frac{1}{9} \div \frac{1}{9} of \frac{1}{9}\right) \times \frac{1}{9} + \frac{1}{9}$ का मान क्या है?

उत्तर:

$$\left(\frac{1}{9} \div \frac{1}{9} of \frac{1}{9}\right) \times \frac{1}{9} + \frac{1}{9}$$

$$= \left(\frac{1}{9} \div \frac{1}{81}\right) \times \frac{1}{9} + \frac{1}{9}$$

$$= \frac{1}{9} \times \frac{81}{1} \times \frac{1}{9} + \frac{1}{9}$$

$$= 1 + \frac{1}{9}$$

$$= \frac{9+1}{9} = \frac{10}{9}$$

18. 7200 रुपये में खरीदी गयी वस्तु 8400 रुपये में बेच दी गयी तो प्रतिशत लाभ ज्ञात करें?

@apna_pdf

उत्तर:

$$\text{प्रतिशत लाभ} = \frac{\text{विक्रयमूल्य - क्रयमूल्य}}{\text{क्रयमूल्य}} \times 100$$

$$= \frac{8400-7200}{7200} \times 100$$

$$= \frac{1200}{7200} \times 100$$

$$= \frac{100}{6} = \frac{50}{3} = 16\frac{2}{3}\%$$

19. 15 छात्रों का औसत वजन 43 किग्रा है। शिक्षक को शामिल करने पर औसत वजन 0.5 किग्रा बढ़ जाता है तो शिक्षक का वजन क्या है?

उत्तर: 15 छात्रों का कुल वजन = 15 × 43 = 15 छात्रों तथा एक शिक्षक का कुल वजन = 16 × 43.5 = शिक्षक का वजन

20. A तथा B मिलकर किसी काम को 4 दिन में कर सकते हैं, यदि B उसे 8 दिन में कर सकता है तो A अकेले किसी काम को कितने दिन में पूरा कर सकता है?

उत्तर:

A द्वारा अकेले कार्य को पूरा करने में लगा समय $= \frac{8\times4}{8-4}$

$= \frac{8\times4}{4} = 8$ दिन

21. A की क्षमता B की तीन गुनी है। दोनों मिलकर काम को 18 दिन में पूरा करते हैं तो B अकेला कार्य को कितने दिन में करेगा?

उत्तर:

	A		B
दक्षता	3	:	1

कुल कार्य = (3 +1) 18 = 72

B द्वारा अकेले कार्य को पूरा करने में लगा समय $= \frac{72}{1}$

= 72 दिन

22. 10 पेन तथा 12 पेंसिल का मूल्य 180 रुपये है तो 40 पेन तथा 48 पेंसिल का मूल्य क्या होगा?

उत्तर: 10 पेन + 12 पेंसिल का मूल्य = 180 रुपये

40 पेन + 48 पेंसिल का मूल्य = 4 (10 पेन + 12 पेंसिल का मूल्य)

= 4 × 130

= 720 रुपये

23. x, $x-1$, $x-2$, $x-3$, $x-4$ का माध्य 20 है तो अंतिम दो पदों का माध्य क्या होगा?

उत्तर: प्रश्नानुसार,

$$\frac{x+x-1+x-2+x-3+x-4}{5}$$

$= 20$

$\Rightarrow 5x-10 = 100$

$\Rightarrow 5x = 100+10$

$\Rightarrow 5x = 110$

$\Rightarrow x = \frac{110}{5} = 22$

अंतिम दो पदों का माध्य $= \frac{x-3+x-4}{2}$

$= \frac{2x-7}{2} = \frac{2\times22-7}{2}$

$= \frac{44-7}{2}$

$= \frac{37}{2} = 18.5$

24. 3125 का 120% – x का 90% = 1500 तो x का मान क्या है?

उत्तर: 3125 का 120% – x का 90% = 1500

$\Rightarrow \frac{3125\times120}{100} - \frac{x\times90}{100} = 1500$

$\Rightarrow \frac{9x}{10} = 3750 - 1500$

$\Rightarrow x = \frac{2250\times10}{9} = 2500$

25. यदि $x + \frac{1}{x} = 3$ तो $x^4 + \frac{1}{x^4}$ का मान क्या है?

उत्तर:

$x + \frac{1}{x} = 3$

$\Rightarrow \left(x+\frac{1}{x}\right)^2 = 3^2$

$\Rightarrow x^2 + \frac{1}{x^2} = 9-2$

$\Rightarrow x^2 + \frac{1}{x^2} = 7$

$\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)^2 = 7^2$

$\Rightarrow x^4 + \frac{1}{x^4} = 49-2$

$\Rightarrow x^4 + \frac{1}{x^4} = 47$

26. 18000 रुपये की राशि पर 10% वार्षिक ब्याज की दर से 2 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अंतर क्या है?

उत्तर: 2 वर्ष के लिए,

चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अंतर = मूलधन $\times \frac{(\text{दर})^2}{(100)^2}$

$= 18000 \times \frac{(10)^2}{(100)^2}$

$= \frac{18000\times10\times10}{100\times100} = 180$ रुपये

27. एक वस्तु को 22500 में खरीदा गया तथा उसके मरम्मत पर 1000 रुपये तथा उसे लाने में 800 रुपये खर्च हुआ। 20% लाभ के लिए उसे कितने में बेचना होगा?

उत्तर: वस्तु का क्रयमूल्य = 22500 + 1000 + 800 = 24300

लाभ = 20%

वस्तु का विक्रयमूल्य = 24300 का 120%

@apna_pdf

$= \frac{24300 \times 120}{100}$

$= 243 \times 120$

$= 29,160$ रुपये

28. 5200 रुपये अंकित मूल्य वाली एक वस्तु को 20% तथा 30% की क्रमिक छूट पर विक्रयमूल्य क्या होगा?

उत्तर: अंकित मूल्य = 5200 रुपये

विक्रयमूल्य = 5200 का 80% का 70%

$= 5200 \times \frac{80}{100} \times \frac{70}{100}$

$= 52 \times 56$

$= 2912$ रुपये

29. एक समबाहु त्रिभुज की भुजा $14\sqrt{3}$ सेमी है तो अन्त: वृत्त का क्षेत्रफल क्या है?

उत्तर: समबाहु त्रिभुज की भुजा = a

$= 14\sqrt{3}$ सेमी

अंत: वृत की त्रिज्या = $r = \frac{a}{2\sqrt{3}}$

$= \frac{14\sqrt{3}}{2\sqrt{3}} = 7$ सेमी

अंत: वृत्त का क्षेत्रफल = πr^2

$= \frac{22}{7} \times 7^2$

$= 154$ सेमी^{2}

30. $\frac{1}{1+\sin\theta} + \frac{1}{1-\sin\theta}$ का मान क्या है?

उत्तर:

$\frac{1}{1+\sin\theta} + \frac{1}{1-\sin\theta}$

$= \frac{1-\sin\theta+1+\sin\theta}{(1+\sin\theta)(1-\sin\theta)}$

$= \frac{2}{1-\sin^2\theta}$

$= \frac{2}{\cos^2\theta}$

$= 2\sec^2\theta$

3.04.2021 (Shift–I)

1. एक दुकानदार 360 रूपये में 144 संतरे खरीदे तथा 10% लाभ पर बेच दिया तो प्रति दर्जन संतरे किस मूल्य पर बेचे गये?

उत्तर: एक दर्जन संतरे का क्रयमूल्य

$= \frac{360}{144} \times 12 = 30$ रुपये

एक दर्जन संतरे का विक्रयमूल्य

= 30 का 110%

$\frac{30 \times 110}{100}$

= 33 रुपये

2. जैक एक कमीज 1440 रुपये में बेचकर 20% लाभ कमाता है तो कमीज का क्रयमूल्य क्या हैं?

उत्तर: कमीज का विक्रयमूल्य = 1440 रुपये

लाभ = 20%

कमीज का क्रयमूल्य

$= \frac{100}{100+20} \times 1440$

$= \frac{10}{120} \times 1440$

= 1200 रुपये

3. $x = 3+2\sqrt{5}$ तथा $y = 3-2\sqrt{5}$ तो $x^2 + y^2$ का मान क्या है

उत्तर: $x = 3 + 2\sqrt{5}$

$y = 3 - 2\sqrt{5}$

$x^2 + y^2 = (3+2\sqrt{5})^2 + (3-2\sqrt{5})^2$

$= 9 + (2\sqrt{5})^2 + 12\sqrt{5} + 9 + (2\sqrt{5})^2 - 12\sqrt{5}$

$= 9 + 20 + 9 + 20$

$= 18 + 40 = 58$

4. यदि वर्ग की प्रत्येक भुजा 20% बढ़ायी जाती है तो क्षेत्रफल में कितनी वृद्धि होगी?

उत्तर: क्षेत्रफल में प्रतिशत वृद्धि

$= \left(2x + \frac{x^2}{100}\right)\%$

$= \left(2 \times 20 + \frac{20^2}{100}\right)\%$

$= \left(40 + \frac{400}{100}\right)\%$

$= (40 + 4)\%$

$= 44\%$

5. 8 से बड़ी तथा 59 से छोटी सभी पूर्णांक संख्याओं का योग क्या हैं?

उत्तर: 8 से बड़ी तथा 59 से छोटी सभी पूर्णांक संख्याओं का योग = 9 +10 +11+---- 58

= (1 + 2 + 3 +---- 58) – (1 + 2+----8)

$= \frac{58 \times 59}{2} - \frac{8 \times 9}{2}$

$= 29 \times 59 - 4 \times 9$

$= 1711 - 36$

$= 1675$

6. $\frac{\sqrt{5}+\sqrt{3}}{\sqrt{5}-\sqrt{3}} = a + b\sqrt{15}$ तो a का मान क्या हैं?

उत्तर: $\frac{\sqrt{5}+\sqrt{3}}{\sqrt{5}-\sqrt{3}} = a + b\sqrt{15}$

$\Rightarrow \frac{\sqrt{5}+\sqrt{3}}{\sqrt{5}-\sqrt{3}} \times \frac{\sqrt{5}+\sqrt{3}}{\sqrt{5}+\sqrt{3}}$

$= a + b\sqrt{15}$

$\Rightarrow \frac{(\sqrt{5}+\sqrt{3})^2}{(\sqrt{5})^2-(\sqrt{3})^2} = a + b\sqrt{15}$

$\Rightarrow \frac{(\sqrt{5}^2)+(\sqrt{3}^2)+2\sqrt{5}\times\sqrt{3}}{5-3}$

$= a + b\sqrt{15}$

$\Rightarrow \frac{5+3+2\sqrt{15}}{2} = a + b\sqrt{15}$

@apna_pdf

@apna_pdf

$\Rightarrow \frac{8+2\sqrt{15}}{2} = a + b\sqrt{15}$

$\Rightarrow 4+\sqrt{15} = a + b\sqrt{15}$

$a = 4, b = 1$

7. एक वृत्त के अन्तर्गत अधिकतम क्षेत्र का वर्ग है। यदि वृत्त की परिधि 44 सेमी है तो वर्ग का क्षेत्रफल क्या हैं?

उत्तर:



वृत्त की परिधि = 44 सेमी

$\Rightarrow 2\pi r = 44$

$\Rightarrow 2\frac{22}{7} \times r = 44$

$\Rightarrow r = 7$ सेमी

वर्ग का क्षेत्रफल = वृत्त का ब्यास

$= 2\times7 = 14$ सेमी

वर्ग का क्षेत्रफल $= \frac{(\text{विकर्ण})^2}{2}$

$= \frac{(14)^2}{2} = \frac{14\times14}{2}$

$= 98$ सेमी^{2}

8. यदि $a + b + c = 0$ तो $\frac{a^2+b^2+c^2}{a^2-c^2}$ का मान क्या हैं?

उत्तर: $a + b + c = 0$

$b + c = -a$

$\Rightarrow (b + c)^2 = (-a)^2$

$\Rightarrow b^2 + c^2 + 2ab = a^2$

$\frac{a^2+b^2+c^2}{a^2-bc} = \frac{b^2+c^2+abc+b^2+c^2}{b^2+c^2+abc-bc}$

$= \frac{2(b^2+c^2+bc)}{(b^2+c^2+bc)} = 2$

9. एक घन की भुजा में 50% की कमी होती है उसके सम्पूर्ण पृष्ठ के क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत की कमी होगी?

उत्तर: घन के सम्पूर्ण पृष्ठ क्षेत्रफल में कमी

$= \left(-50 - 50 + \frac{50\times50}{100}\right)$

$= (-100 + 25)\%$

$= -75\%$

$= 75\%$ कमी

लाभ प्रतिशत $= 108 - 100 = 8\%$

10. दो स्तभों के बीच की दूरी 8 मीटर है। यदि एक स्तम्भ 10 मी तथा दूसरा स्तम्भ 16 मी ऊँचा हो तो उनके शीर्षो के बीच दूरी ज्ञात करें?

उत्तर:



शीर्षों के बीच दूरी $= \sqrt{AE^2 + DE^2}$

$= \sqrt{6^2 + 8^2}$

$= \sqrt{36 + 64}$

$= \sqrt{100}$

$= 10$ मीटर

11. एक चतुर्भुज के चारों कोणों का अनुपात 3 : 4 : 2 : 1 है तो सबसे छोटे कोण का मान क्या होगा?

उत्तर: चतुर्भुज के चारों कोणों का योग

$= 360°$

$3k + 4k + 2k + k = 360°$

$\Rightarrow 10k = 360°$

$\Rightarrow k = \frac{360°}{10} = 36$

सबसे छोटा कोण $= k = 36°$

12. 3520 रुपये को A, B तथा C में इस प्रकार बाँटा गया ताकि (B + C) का $\frac{2}{9}$, A के हिस्से के बराबर है तथा (C + A) का $\frac{2}{3}$, B के हिस्से के बराबर है तो C का हिस्सा क्या है।

उत्तर: (B + C) का $\frac{2}{9} = A$

$B + C = \frac{9A}{2} = C$

$= \frac{9A}{2} - B$ _____(1)

(C + A) का $\frac{3B}{2}$

$C = \frac{3B}{2} - A$ _____(2)

समीकरण (1) तथा (2) से,

$\frac{9A}{2} - B = \frac{3B}{2} - A$

$\Rightarrow \frac{9A}{2} + A = B + \frac{3B}{2}$

$\Rightarrow \frac{11A}{2} = \frac{5B}{2}$

$\Rightarrow \frac{A}{B} = \frac{5}{11} \Rightarrow A = 5:11$

$C = \frac{3B}{2} - A$

$= \frac{3B}{2} - \frac{5}{11}B$

$= \frac{33B-10B}{22} = \frac{23B}{22}$

$= \frac{B}{C} = \frac{22}{23} = 22:23$

A :B:C = 10: 22: 23

C का हिस्सा

$= \frac{23}{10+22+23} \times 3520$

$= \frac{23}{55} \times 3520$

$= 1472$ रुपये

@apna_pdf

@apna_pdf

13. एक वस्तु को 16 रुपये में बेचने पर 20% की हानि होती है तो 20% लाभ के लिए उसका विक्रयमूल्य क्या होगा?

उत्तर: वस्तु का विक्रयमूल्य = $\frac{10+P\%}{100-L\%} \times$ पहला विक्रयमूल्य

$= \frac{100+20}{100-20} \times 16$

$= \frac{120}{80} \times 16$

= 24 रुपये

14. 8, 10, 12, 12, 12, 18 के माध्य, माध्यिका तथा बहुलक का योग क्या हैं?

उत्तर:

8, 10, 12, 12, 12, 18

माध्य $= \frac{8+10+12+12+12+18}{6}$

$= \frac{72}{6} = 12$

माध्यिका $= \frac{\frac{6}{2}\text{वाँ पद} + \left(\frac{6}{2}+1\right)\text{वाँ पद}}{2}$

$= \frac{3\text{ वाँ पद} + 4\text{ वाँ पद}}{2}$

$= \frac{12+12}{2} = \frac{24}{2} = 12$

बहुलक = 12, क्योंकि 12 की आवृति सर्वाधिक है

15. यदि $\frac{\sin\theta+\cos\theta}{\sin\theta-\cos\theta} = \frac{\sqrt{3}+1}{\sqrt{3}-1}$ तो θ का मान क्या है?

उत्तर: $\frac{\sin\theta+\cos\theta}{\sin\theta-\cos\theta} = \frac{\sqrt{3}+1}{\sqrt{3}-1}$

योगान्तर निष्पत्ति से,

$\frac{\sin\theta+\cos\theta+\sin\theta-\cos\theta}{\sin\theta+\cos\theta-\sin\theta+\cos\theta}$

$= \frac{\sqrt{3}+1+\sqrt{3}-1}{\sqrt{3}+1-\sqrt{3}+1}$

$\Rightarrow \frac{2\sin\theta}{2\cos\theta} = \frac{2\sqrt{3}}{2}$

$\Rightarrow \tan\theta = \sqrt{3} = \tan 60°$

$\theta = 60°$

16. यदि $x + \frac{1}{y} = 1$ तथा $y + \frac{1}{z} = 1$ तो $z + \frac{1}{x}$ का मान क्या होगा?

उत्तर: $x + \frac{1}{y} = 1$

माना $x = \frac{1}{2}$ तथा $y = 2$

$y + \frac{1}{z} = 1$

$\Rightarrow \frac{1}{z} = 1 - y = 1 - 2 = -1$

$\Rightarrow z = -1$

$z + \frac{1}{x} = -1 + \frac{1}{\frac{1}{2}} = -1 + 2 = 1$

$\therefore z + \frac{1}{x} = 1$

17. A तथा B मिलकर एक कार्य को 30 दिन में, B तथा C मिलकर उसी काम को 40 दिन में तथा C तथा A मिलकर उसी काम को 60 दिन में पूरा कर सकते है तो तीनों मिलकर कार्य को कितने दिन में पूरा करेंगे?

उत्तर: (A + B + C) का 1 दिन का कार्य

$= \frac{1}{2}\left(\frac{1}{30}+\frac{1}{40}+\frac{1}{60}\right)$

$= \frac{1}{2} \times \left(\frac{4+3+2}{120}\right)$

$= \frac{9}{240} = \frac{3}{80}$

$\therefore$ तीनों मिलकर कार्य को पूरा करेंगे

$= \frac{80}{3}$ दिन में

$= 26\frac{2}{3}$ दिन में

18. कोई घन चक्रवृद्धि ब्याज से 2 वर्ष में स्वयं का $\frac{9}{4}$ गुना हो जाता है तो दर क्या है?

उत्तर: $A = P\left(1+\frac{r}{100}\right)^n$

$\frac{9}{4}P = P\left(1+\frac{r}{100}\right)^2$

$\Rightarrow \left(\frac{3}{2}\right)^2 = \left(1+\frac{r}{100}\right)^2$

$\Rightarrow 1+\frac{r}{100} = \frac{3}{2}$

$\Rightarrow \frac{r}{100} = \frac{3}{2} - 1$

$\Rightarrow \frac{r}{100} = \frac{1}{2}$

$\Rightarrow r = \frac{100}{2} = 50\%$

19. 9 लीटर घोल में 50% अम्ल है, उसमें कितना पानी मिलाया जाए कि अम्ल 30% हो जाए?

उत्तर: अम्ल की मात्रा = 9 लीटर का 50%

$= \frac{9\times 50}{100} = \frac{9}{2}$ लीटर

$\frac{\frac{9}{2}}{9+x} \times 100 = 30$

$\Rightarrow \frac{9}{18+2x} = \frac{30}{100}$

$\Rightarrow \frac{9}{18+2x} = \frac{3}{10}$

$\Rightarrow \frac{3}{18+2x} = \frac{1}{10}$

$\Rightarrow 18 + 2x = 30$

$\Rightarrow 2x = 30 - 18$

$\Rightarrow x = \frac{12}{2} = 6$ लीटर

@apna_pdf

@apna_pdf

20. 2.50, 1.25, 20 तथा 7.5 का ल॰ स॰ क्या होगा?

उत्तर: 2.50, 1.25, 20 तथा $\frac{75}{10}$ का ल॰ स॰

$= \frac{\text{25, 125, 20 तथा 75 का ल॰ स॰}}{\text{10, 100 तथा 10 का म॰ स॰}}$

$= \frac{1500}{10} = 150$

21. $(4 \div 2 \times 2) \div (2 \times 2 \div 2)$ का मान क्या है?

उत्तर: $(4 \div 2 \times 2) \div (2 \times 2 \div 2)$

$= \left(4 \times \frac{1}{2} \times 2\right) \div \left(2 \times 2 \times \frac{1}{2}\right)$

$= 4 \div 2$

$= 4 \times \frac{1}{2}$

$= 2$

22. एक रुपये में 32 की दर से बेचने पर 40% की हानि होती है तो 20% लाभ के लिए उसे किस दर से बेचना होगा?

उत्तर: विक्रयमूल्य $= \frac{100 + P\%}{100 - P\%} \times$ पहला विक्रयमूल्य

$= \frac{100 + 20}{100 - 40} \times \frac{1}{32}$

$= \frac{120}{60} \times \frac{1}{32}$

$= \frac{1}{16}$

23. 10, 8, 18, 22, 26 तथा 28 में यदि 22 के जगह 52 लिया जाए तो माध्य का अंतर क्या हैं?

उत्तर:

माध्य $= \frac{10 + 8 + 18 + 22 + 26 + 28}{6}$

$= \frac{112}{6} = \frac{56}{3}$

नया माध्य $= \frac{10 + 18 + 18 + 52 + 26 + 28}{6}$

$\frac{142}{6} = \frac{71}{3}$

अभीष्ट अंतर $= \frac{71}{3} - \frac{56}{3}$

$= \frac{71 - 56}{3} = \frac{15}{3} = 5$

24. एक चट्टान के पाद से 300 मीटर की दूरी पर स्थित एक बिन्दु से उसके शीर्ष का उन्नयन कोण 60° है तो चट्टान की ऊँचाई क्या हैं?

उत्तर:



माना AB चट्टान है

ΔABC में,

$\tan 60° = \frac{AB}{BC}$

$\Rightarrow \sqrt{3} = \frac{AB}{300}$

$AB = 300\sqrt{3}$ मी

25. दो रेलगाड़ियाँ एक दूसरे की ओर 60 किमी/घटा तथा 75 किमी/घंटा की गति से जा रही है। मिलने के बाद पता चला कि एक दूसरे से 80 किमी अधिक दूरी तय किया तो दोनों स्थानों के बीच की दूरी क्या है?

उत्तर: माना 60 किमी/घंटा गति वाली रेलगाड़ी x किमी दूरी तय की

प्रश्नानुसार

$\frac{x}{x + 80} = \frac{60}{75}$

$\Rightarrow \frac{x}{x + 80} = \frac{4}{5}$

$\Rightarrow 5x = 4x + 320$

$\Rightarrow 5x - 4x + 320$

$\Rightarrow x = 320$

कुल दूरी $= x + x + 80 = 2x + 80$

$= 2 \times 320 + 80$

$= 640 + 80$

$= 720$ किमी

26. 3^{73} को 82 से विभाजित करने पर शेषफल ज्ञात करें?

उत्तर: $\frac{3^{73}}{82}$ का शेषफल $= \frac{(3^4)^{18} \times 3}{82}$ का

शेषफल $= \frac{(81)^{18} \times 3}{82}$ का शेषफल

$= (-1)^{18} \times 3$

27. एक थैले में 1 रुपये, 50 पैसे तथा 25 पैसे के सिक्के 1 : 2 : 3 के अनुपात में है। 50 पैसे के सिक्कों का मूल्य 80 रुपये है तो कुल धन कितना हैं?

उत्तर: प्रश्नानुसार,

$2k \times \frac{1}{2} = 80$

$k = 80$

कुल घन $= k \times 1 + \frac{2k}{2} + 3k \times \frac{25}{100}$

$= k + k + \frac{3k}{4}$

$= \frac{8k + 3k}{4} = \frac{11k}{4}$

$= \frac{11 \times 80}{4}$

$= 220$ रुपये

28. एक कक्षा के 24 छात्रो की अैसत आयु 10 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु को शमिल किया जाए तो औसत आयु 1 वर्ष बढ़ जाती है तो शिक्षक की आयु क्या हैं?

उत्तर: शिक्षक की आयु $25 \times 11 - 24 \times 10$

$= 275 - 240$

$= 35$वर्ष

29. P तथा Q की आयु का अनुपात 7:5 है। 5 साल पहले उनकी आयु का योग 50 वर्ष था तो P की वर्तमान आयु क्या है?

@apna_pdf

उत्तर: P की आयु = 7k

Q की आयु = 5k

प्रश्नानुसार,

$7k - 5 + 5k - 5 = 50$

$\Rightarrow 12k = 60$

$\Rightarrow k = \frac{60}{12} = 5$

P की वर्त्तमान आयु = 7k

$= 7 \times 5$

= 35 वर्ष

30. $2 \sin(5x - 5) = \tan 45°$ तो x का मान क्या है?

उत्तर: $2 \sin(5x - 5) = \tan 45°$

$\Rightarrow 2 \sin(5x - 5) = 1$

$\Rightarrow \sin(5x - 5) = \frac{1}{2} = \sin 30°$

$\Rightarrow 5x - 5 = 30$

$\Rightarrow 5x = 30 + 5$

$\Rightarrow x = \frac{35}{5} = 7°$

3.04.2021 (Shift–II)

1. समुद्र के दोनों छोर पर दो नाव हैं तथा बीच में लाईट हाउस है जिसकी ऊँचाई 90 मीटर है। पहली नाव 45° तथा दूसरी नाव 30° का कोण बना रहा हो तो दोनों नाव के बीच की दूरी क्या है?

उत्तर:



माना AB लाईट हाउस है

ΔABC में

$\tan 30° = \frac{AB}{BC}$

$\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{90}{BC}$

$\Rightarrow BC = 90\sqrt{3}$

ΔABD में,

$\tan 45° = \frac{AB}{BD}$

$1 = \frac{90}{BD} \Rightarrow BD = 90$

∴ दोनों नावों के बीच की दूरी = BC + BD

$= 90\sqrt{3} + 90$

$= 90(\sqrt{3} + 1)$मी

2. 3.5, 49 का 42 का म॰स॰ क्या है?

उत्तर: 3.5, 49 तथा 42 का म॰स॰

$= \frac{35}{10}$, 49 तथा 42 का म॰स॰

$= \frac{35,\ 49 \text{ तथा } 42 \text{ का म॰स॰}}{10}$

$= \frac{7}{10} = 0.7$

3. दो संकेन्द्रीय वृत्त की परिधि क्रमशः $94\frac{2}{7}$ मीटर तथा $56\frac{4}{7}$ मीटर है। उनके त्रिज्याओं का अंतर क्या है?

उत्तर:- प्रश्नानुसार,

$2\pi R_1 - 2\pi R_2 = 94\frac{2}{7} - 56\frac{4}{7}$

$\Rightarrow 2 \times \frac{22}{7}(R_1 - R_2) = \frac{660}{7} - \frac{396}{7}$

$\Rightarrow R_1 - R_2 = \frac{660 - 396}{7} \times \frac{7}{44}$

$= \frac{264}{44} = \frac{24}{4} = 6$ मी

4. एक वृत्त के दोनों ओर जीवा की लंबाई 6 मी तथा 8 मी है तथा उनके बीच की दूरी 7 मी है तो वृत्त की त्रिज्या क्या है?

उत्तर:



AB = 6 मी.

CD = 8 मी.

EF = 7 मी.

ΔAOE एक समकोण त्रिभुज है

$3^2 + 4^2 = 5^2$

ΔCOF एक समकोण त्रिभुज है

$3^2 + 4^2 = 5^2$

∴ वृत्त की त्रिज्या = 5 मी.

5. दो संख्याओं का म॰स॰ 21 तथा ल॰स॰ 315 है। यदि संख्याओं का अंतर 42 हो तो संख्याओं का योग क्या है?

उत्तर: माना संख्याएँ a तथा b हैं

$ab = 315 \times 21$

$a - b = 42$

$a + b = \sqrt{(a-b)^2 + 4ab}$

$= \sqrt{(42)^2 + 4 \times 315 \times 21}$

$= \sqrt{1764 + 26460}$

$= \sqrt{28224}$

$= 168$

∴ संख्याओं का योग = 168

6. यदि $a = 2 + \sqrt{3}$ तथा $b = 2 - \sqrt{3}$ तो $a^2 + b^2$ का मान क्या है

उत्तर: $a = 2 + \sqrt{3}$

$b = 2 - \sqrt{3}$

$a^2 + b^2 = (2 + \sqrt{3})^2 + (2 - \sqrt{3})^2$

$= 4 + 3 + 4\sqrt{3} + 4 + 3 - 4\sqrt{3}$

$= 7 + 7$

$= 14$

7. $\frac{11 + 2\sqrt{5}}{7 + 2\sqrt{5}} = A + B\sqrt{5}$ तो A तथा B का मान क्या है?

उत्तर: $\frac{11 + 2\sqrt{5}}{7 + 2\sqrt{5}} = A + B\sqrt{5}$

$\Rightarrow \frac{11 + 2\sqrt{5}}{7 + 2\sqrt{5}} \times \frac{7 - 2\sqrt{5}}{7 - 2\sqrt{5}} = A + B\sqrt{5}$

$\Rightarrow \frac{(11 + 2\sqrt{5})(7 - 2\sqrt{5})}{(7)^2 - (2\sqrt{5})^2}$

@apna_pdf

@apna_pdf

$= A + B\sqrt{5}$

$\Rightarrow \frac{77 - 22\sqrt{5} + 14\sqrt{5} - 20}{49 - 20}$

$= A + B\sqrt{5}$

$\Rightarrow \frac{57 - 8\sqrt{5}}{29} = A + B\sqrt{5}$

$\Rightarrow \frac{57}{29} - \frac{8}{29}\sqrt{5} = A + B\sqrt{5}$

$\therefore A = \frac{57}{29}, B = -\frac{8}{29}$

8. एक बैग में 50 पैसे, 25 पैसे तथा 10 पैसे के सिक्के 9 : 5 : 6 के अनुपात में है। यदि बैग में कुल 317.5 रुपये हैं तो 25 पैसे के कितने सिक्के है?

उत्तर: प्रश्नानुसार,

$9k \times \frac{50}{100} + 5k \times \frac{25}{100} + 6k \times \frac{10}{100} = 317.5$

$\Rightarrow \frac{9k}{2} + \frac{5k}{4} + \frac{3k}{5} = 317.5$

$\Rightarrow \frac{90k + 25k + 12k}{20} = 317.5$

$\Rightarrow 127k = 317.5 \times 20$

$\Rightarrow k = \frac{317.5 \times 20}{127} = 50$

$\therefore$ 25 पैसे के सिक्कों की संख्या $= 50 \times 5 = 250$

9. $\frac{16}{17}, \frac{11}{13}, \frac{6}{7}, \frac{5}{6}$ को आरोही क्रम में लिखें?

उत्तर: $\frac{16}{17} = 0.94$

$\frac{11}{13} = 0.84$

$\frac{6}{7} = 0.85$

$\frac{5}{6} = 0.83$

$\frac{5}{6} < \frac{11}{13} < \frac{6}{7} < \frac{16}{17}$

10. A को 84 किमी की दूरी 4 घंटे में तय करनी है। वह पहली आधी दूरी को 28 किमी/घंटा की गति से तय करता है तो शेष दूरी तय करने में उसकी चाल क्या होगी?

उत्तर:- माना शेष दूरी तय करने में चाल $= x$ किमी/घंटा

$\frac{42}{28} + \frac{42}{x} = 4$

$\Rightarrow \frac{3}{2} + \frac{42}{x} = 4$

$\Rightarrow \frac{42}{x} = 4 - \frac{3}{2}$

$\Rightarrow \frac{42}{x} = \frac{5}{3}$

$\Rightarrow x = \frac{42 \times 3}{5} = 25.2$ किमी/घंटा

11. एक फल विक्रेता के पास 60% फल बेचने के बाद 340 फल शेष बच जाते हैं तो कुल फल कितने थे?

उत्तर: माना कुल फलों की संख्या $= x$

प्रश्नानुसार,

x का 40% = 340

$\Rightarrow x \times \frac{40}{100} = 340$

$\Rightarrow x = \frac{340 \times 100}{40}$

$= 850$

12. 20000 रुपये की राशि पर 4% वार्षिक ब्याज की दर से 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज क्या होगा?

उत्तर: चक्रवृद्धि ब्याज $= P[(1 + \frac{r}{100})^n - 1]$

$= 20000\,[(1 + \frac{4}{100})^2 - 1]$

$= 20000[(\frac{26}{25})^2 - 1]$

$= 20000[\frac{676 - 625}{625}]$

$= 20000 \times \frac{51}{625}$

$= 1632$ रुपये

13. कोई राशि 5% वार्षिक ब्याज की दर से कितने वर्ष में स्वयं का दोगुना हो जाएगी?

उत्तर: समय $= \frac{n - 1}{R} \times 100$

$= \frac{2 - 1}{5} \times 100$

$= \frac{1}{5} \times 100$

$= 20$ वर्ष

14. 980 रुपये में 18 वस्तुओं को बेचने पर 4 वस्तुओं के क्रयमूल्य के बराबर हानि होती है तो प्रत्येक वस्तु का क्रयमूल्य क्या है?

उत्तर: हानि = क्रयमूल्य - विक्रयमूल्य

$\Rightarrow 4 \times$ क्रयमूल्य $= 18 \times$ क्रयमूल्य $- 18 \times$ विक्रयमूल्य

$\Rightarrow 18 \times$ विक्रयमूल्य $= 14 \times$ क्रयमूल्य

$\Rightarrow 18 \times 980 = 14 \times$ क्रयमूल्य

$\Rightarrow$ क्रयमूल्य $= \frac{18 \times 980}{14}$

$= 18 \times 70$

$= 1260$ रुपये

प्रत्येक वस्तु का क्रयमूल्य $= \frac{1260}{18}$

$= 70$ रुपये

15. एक वृत्त की परिधि 88 सेमी है तो वृत्त के अन्दर बने सबसे बड़े वर्ग का क्षेत्रफल क्या है?

उत्तर:



वृत्त की परिधि = 88 सेमी

$\pi d = 88$

$\Rightarrow \frac{22}{7} \times d = 88$

$\Rightarrow d = 7 \times 4 = 28$ सेमी

@apna_pdf

वर्ग का विकर्ण = 28 सेमी

वर्ग का क्षेत्रफल = $\frac{(\text{विकर्ण})^2}{2}$

$= \frac{(28)^2}{2} = \frac{28 \times 28}{2} = 392$ सेमी.

16. दो रेलगाड़ियाँ दिल्ली से जयपुर के लिए चलती हैं। पहली रेलगाड़ी 10AM पर 65 किमी/घंटा की गति से चलती है। दूसरी रेलगाड़ी 10:30 AM पर 70 किमी/घंटा की गति से चलती है तो दोनों रेलगाड़ियाँ दिल्ली से कितनी दूरी पर मिलेंगी?

उत्तर: $\frac{1}{2}$ घंटा में पहली रेलगाड़ी द्वारा तय की गयी दूरी = $\frac{65}{2}$ किमी

सापेक्ष गति = 70 – 65 = 5 किमी/घंटा

समय = $\frac{\text{दूरी}}{\text{गति}} = \frac{65}{2 \times 5} = \frac{13}{2}$ घंटा

अभीष्ट दूरी = $\frac{13}{2} \times 70 = 13 \times 35$

= 455 किमी.

17. कोई धन 3 वर्ष में 850 रुपये तथा 4 वर्ष में 925 रुपये हो जाता है तो मूलधन क्या है?

उत्तर: 1 वर्ष का ब्याज = 925 – 850

= 75 रुपये

3 वर्ष का ब्याज = 3 × 75

= 225 रुपये

मूलधन = 850 – 225

= 625 रुपये

18. 10% वार्षिक ब्याज की दर से 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज 630 रुपये है तो उसी राशि पर 10% की दर से 3 वर्ष का साधारण ब्याज क्या होगा?

उत्तर: चक्रवृद्धि ब्याज = $P[(1+\frac{r}{100})^n - 1]$

$\Rightarrow 630 = P[(1+\frac{10}{100})^2 - 1]$

$\Rightarrow 630 = P[\frac{121-100}{100}]$

$\Rightarrow P = \frac{630 \times 100}{21} = 3000$ रुपये

साधारण ब्याज = $\frac{\text{मूलधन} \times \text{समय} \times \text{दर}}{100}$

$= \frac{3000 \times 3 \times 10}{100}$

= 900 रुपये

19. 1498×1498 का मान क्या है?

उत्तर: $1498 \times 1498 = 1498^2$

$= (1500-2)^2$

$= (1500)^2 + (2)^2 - 2 \times 1500 \times 2$

$= 2250000 + 4 - 6000$

$= 2244004$

20. 5, 8, 18, 12, 12, 12 का माध्य, माध्यिका तथा बहुलक ज्ञात करें?

उत्तर:- 5, 8, 21, 12, 12, 18 का

माध्य = $\frac{5+8+12+12+12+18}{6}$

$= \frac{67}{6} = 11.16$

माध्यिका = $\frac{3\text{वाँ पद} + 4\text{वाँ पद}}{2}$

$= \frac{12+12}{2} = \frac{24}{2} = 12$

बहुलक = 12, क्योंकि 12 की बारंबारता सर्वाधिक है

21. किसी धन का एक निश्चित दर से 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज 630 रुपये है तथा 3 वर्ष का साधारण ब्याज 900 रुपये है तो ब्याज की दर क्या है?

उत्तर: साधारण ब्याज = $\frac{P \times R \times T}{100}$

$900 = \frac{P \times R \times 3}{100}$

$PR = \frac{900 \times 100}{3} = 30000$

चक्रवृद्धि ब्याज = $P[(1+\frac{R}{100})^n - 1]$

$630 = P[(1+\frac{R}{100})^2 - 1]$

$\Rightarrow 630 = \frac{30000}{R}[(1+\frac{R}{100})^2 - 1]$

$\Rightarrow \frac{630R}{30000} = 1 + \frac{R^2}{10000} + \frac{2R}{100} - 1$

$\Rightarrow \frac{21R}{1000} = R(\frac{R}{10000} + \frac{2}{100})$

$\Rightarrow \frac{21}{1000} = \frac{R}{10000} + \frac{2}{100}$

$\Rightarrow \frac{21}{1000} - \frac{2}{100} = \frac{R}{10000}$

$\Rightarrow \frac{21-20}{1000} = \frac{R}{10000}$

$\Rightarrow \frac{1}{1000} = \frac{R}{10000}$

$\Rightarrow R = 10\%$

22. यदि वर्ग की प्रत्येक भुजा को 20% बढ़ा दिया जाए तो क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

उत्तर: क्षेत्रफल में प्रतिशत वृद्धि

$= (x + y + \frac{xy}{100})\%$

$= (20 + 20 + \frac{20 \times 20}{100})\%$

$= 44\%$

23. यदि $x + \frac{1}{x} = 5$ तो $\frac{3x}{2x^2+2-x}$ का मान क्या है?

उत्तर: $x + \frac{1}{x} = 5$

$\frac{3x}{2x^2+2-x} = \frac{3x}{x(2x+\frac{2}{x}-1)}$

$= \frac{3}{2(x+\frac{1}{x})-1}$

$= \frac{3}{2 \times 5 - 1} = \frac{3}{10-1}$

$= \frac{3}{9} = \frac{1}{3}$

@apna_pdf

@apna_pdf

24. $\sin42°\cos48° + \cos42°\sin48°$ का मान क्या है?

उत्तर: $\sin42°\cos48° + \cos42°\sin48°$

$= \sin(42°+48°)$

$= \sin90°$

$= 1$

25. दो व्यक्ति 18 मीटर ऊँची मीनार की विपरीत दिशा में खड़े है। एक व्यक्ति मीनार की चोटी से 40° का कोण बनाता है तथा दूसरा व्यक्ति 68° का कोण बनाता है तो दोनों व्यक्तियों के बीच की दूरी क्या है?

उत्तर:



माना AB मीनार है

ΔABC में,

$\tan30° = \frac{AB}{BC}$

$\Rightarrow \frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{18}{BC}$

$\Rightarrow BC = 18\sqrt{3}$ मी.

ΔABD में,

$\tan60° = \frac{AB}{BD}$

$\Rightarrow \sqrt{3} = \frac{18}{BD}$

$\Rightarrow BD = \frac{18}{\sqrt{3}} = \frac{6\times3}{\sqrt{3}}$

$= 6\sqrt{3}$ मी.

दोनों व्यक्तियों के बीच की दूरी = CD

$= 18\sqrt{3} + 6\sqrt{3}$

$= 24\sqrt{3}$ मी.

26. दो सकेन्द्री वृत्तों की त्रिज्याएँ क्रमशः 8 सेमी तथा 6 सेमी है तो उनके बीच वाले हिस्से का क्षेत्रफल क्या है?

उत्तर:



बीच वाले हिस्से का क्षेत्रफल

$= \pi(R^2 - r^2)$

$= \frac{22}{7}(8^2 - 6^2)$

$= \frac{22}{7} \times (8+6)(8-6)$

$= \frac{22}{7} \times 14 \times 2$

$= 88$ वर्ग सेमी

27. दो संख्याओं का म०स० 19 है तथा उनका ल०स० 665 है। यदि एक संख्या 95 है तो दूसरी संख्या क्या है?

उत्तर:- पहली संख्या × दूसरी संख्या

= ल०स० × म०स०

$\Rightarrow 95 \times$ दूसरी संख्या $= 665 \times 19$

$\Rightarrow$ दूसरी संख्या $= \frac{665\times19}{95}$

$= 133$

28. A तथा B किसी काम को 10 दिन में B तथा C उसी काम को 20 दिन में तथा C तथा A उसी काम को 30 दिन में पूरा करते हैं तो तीनों मिलकर कार्य को कितने दिन में पूरा करेंगे?

उत्तर: (A + B + C) का 1 दिन का कार्य

$= \frac{1}{2}\left(\frac{1}{10} + \frac{1}{20} + \frac{1}{30}\right)$

$= \frac{1}{2}\left(\frac{6+3+2}{60}\right) = \frac{11}{120}$

$\therefore$ (A + B + C) द्वारा कार्य पूरा करने में लगा समय $= \frac{120}{11}$

$= 10\frac{10}{11}$ दिन

29. 1 रुपये में 32 की दर से बेचने पर 40% की हानि होती है तो 20% लाभ के लिए उसे किस दर से बेचना होगा?

उत्तर: अभीष्ट विक्रयमूल्य

$= \frac{1}{32} \times \frac{100}{60} \times \frac{120}{100} = \frac{1}{16}$ रुपये

$\therefore$ 1 रुपये में 16 की दर से बेचना होगा

30. एक त्रिभुज के कोण 2 : 3 : 5 के अनुपात में है तो सबसे बड़े कोण का मान क्या है?

उत्तर:- माना त्रिभुज के कोण 2k, 3k तथा 5k हैं

$2k + 3k + 5k = 180°$

$\Rightarrow 10k = 180°$

$\Rightarrow k = \frac{180°}{10} = 18$

सबसे बड़ा कोण = 5k

$= 5 \times 18 = 90°$

5.04.2021 (Shift–I)

1. यदि $\cot x = \frac{5}{12}$ तो $\sec x + \operatorname{cosec} x$ का मान क्या हैं?

उत्तर:



@apna_pdf

$$\cot x = \frac{5}{12}$$

$$\sec x = \frac{AC}{BC} = \frac{13}{5}$$

$$\text{cosec}x = \frac{AC}{AB} = \frac{13}{12}$$

$$\sec x + \text{cosec}x = \frac{13}{5} + \frac{13}{12}$$

$$= \frac{156+65}{60} = \frac{221}{60}$$

2. A अकेले एक कार्य को 300 दिन में पूरा कर सकता है। B, A की तुलना में 50% अधिक कुशल है। उसी कार्य को B कितने दिन में पूरा करेगा?

उत्तर:

	A		B
दक्षता	100:		150
	2	:	3
कार्य दिवस	3	:	2
	↓		↓
	3 ×100		2 ×100
	= 300		= 200

∴ B अकेले कार्य को 200 दिन में पूरा करेगा

3. वह न्यूनतम संख्या क्या है जिसे 10085 से घटाया जाये ताकि वह 9, 21, 32 तथा 35 से पूरी तरह विभाज्य हो?

उत्तर:

3 | 9, 21, 32, 35
7 | 3, 7, 32, 35
3, 1, 32, 5

ल॰ स॰ = 3 × 3 × 5 × 7 × 32
= 10080
अभीष्ट संख्या 10085 – 10080
= 5

4. यदि $x + \frac{1}{x} = 99$ तो $\frac{300x}{2x^2+102x+2}$ का मान क्या हैं?

उत्तर: $x + \frac{1}{x} = 99$

$$\frac{300x}{2x^2+102x+2}$$

$$\frac{300x}{x(2x+102+\frac{2}{x})}$$

$$= \frac{300}{2(x+\frac{1}{x})+102} = \frac{300}{2\times 99+102}$$

$$= \frac{300}{198+102} = \frac{300}{300} = 1$$

5. तीन क्रमागत सम संख्याओं में पहली दो संख्याओं का योग तीसरी संख्या से 14 अधिक हैं। सबसे छोटी संख्या ज्ञात करें?

उत्तर: माना तीन क्रमागत सम संख्याएँ x, $x+2$ तथा $x+4$
प्रश्नानुसार,
$x + x + 2 = x + 4 + 14$
$\Rightarrow 2x - x = 18 - 2$
$\Rightarrow x = 16$
∴ सबसे छोटी संख्या = 16

6. यदि ΔABC~ ΔPQR तो QR का मान क्या होगा यदि AB = 10 सेमी, BC = 4 सेमी तथा PQ = 6 सेमी?

उत्तर:



ΔABC~ ΔPQR

$$\frac{AB}{BC} = \frac{PQ}{QR}$$

$$\Rightarrow \frac{10}{4} = \frac{6}{QR}$$

$$\Rightarrow QR = \frac{6\times 4}{10} = 2.4 \text{ सेमी}$$

7. एक कक्षा में 20 लड़के तथा 40 लड़कियाँ हैं। लड़कों की औसत आयु 13 वर्ष तथा लड़कियों की औसत आयु 14 वर्ष है तो पूरी कक्षा की औसत आयु क्या हैं?

उत्तर: पूरी कक्षा की औसत आयु

$$= \frac{20\times 13 + 40\times 14}{20+40}$$

$$= \frac{260+560}{60}$$

$$= \frac{820}{60} = \frac{41}{3} \text{ वर्ष}$$

$$= 13\frac{2}{3} \text{ वर्ष}$$

8. दो संख्याओं का अंतर सबसे बड़ी संख्या का 50% हैं। यदि छोटी संख्या 50 है तो संख्याओं का योग क्या हैं?

उत्तर: माना बड़ी संख्या = x
प्रश्नानुसार,
$x - 50 = x$ का 50%

$$\Rightarrow x - \frac{x}{2} = 50$$

$$\Rightarrow \frac{2x-x}{2} = 50$$

$\Rightarrow x = 2 \times 50 = 100$
संख्याओं का योग = 100 + 50
= 150

9. एक फोन को 20% तथा 10% की दो क्रमिक छुट पर बेचा जाता है। यदि फोन का अंकित मूल्य, क्रयमूल्य से 50% अधिक है तो लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात करें?

उत्तर: माना फोन का क्रयमूल्य = 100 रुपये
फोन का अंकित मूल्य = 100 + 50
= 150 रुपये
फोन का विक्रयमूल्य =150 का 80% का 90%

$$= 150 \times \frac{80}{100} \times \frac{90}{100}$$

= 108 रुपये
लाभ प्रतिशत = 108 – 100 = 8%

10. एक भिन्न का अंश हर से 7 अधिक है। यदि हर में से 1 घटाया जाता है भिन्न 3/2 हो जाता है तो प्रारंभिक भिन्न ज्ञात करें?

@apna_pdf

उत्तर: माना, हर $= x$

अंश $= x+7$

प्रश्नानुसार,

$$\frac{x+7}{x-1} = \frac{3}{2}$$

$\Rightarrow 2x+14 = 3x-3$

$\Rightarrow 3x-2x = 14+3$

$\Rightarrow x = 17$

प्रारंभिक भिन्न $= \frac{x+7}{x} = \frac{17+7}{17}$

$= \frac{24}{17}$

11. यदि आयत की प्रत्येक भुजा में 50% वृद्धि की जाए तो उसके क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी?

उत्तर: क्षेत्रफल में प्रतिशत वृद्धि

$$= \left(x+y+\frac{xy}{100}\right)\%$$

$$= \left(50+50+\frac{50\times 50}{100}\right)\%$$

$= 125\%$

12. यदि $x+2y=27$ तथा $x-2y=-1$ तो y का मान क्या हैं?

उत्तर: $x+2y = 27$

$x-2y = -1$

$- \quad + \quad +$

$4y = 28$

$\Rightarrow y = \frac{28}{4} = 7$

13. एक चट्टान के पाद से 30 मीटर की दूरी पर स्थित एक बिन्दु से चट्टान के शीर्ष का उन्नयन कोण 30° है तो चट्टान की ऊँचाई क्या हैं?

उत्तर:



माना AB चट्टान है

ΔABC में

$$\tan 30° = \frac{AB}{BC}$$

$$= \frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{AB}{30} \Rightarrow AB = \frac{30}{\sqrt{3}}$$

$$= \frac{10\times 3}{\sqrt{3}} = 10\sqrt{3} \text{ मीटर}$$

चट्टान की ऊँचाई $= 10\sqrt{3}$ मीटर

14. यदि A तथा B मिलकर एक कार्य को 15 दिन में पूरा कर सकते है तो A अकेला कार्य को कितने दिन में पूरा करेगा, यदि B अकेले 20 दिन में कार्य करता है।

उत्तर: A द्वारा अकेले कार्य पूरा करने में लगा

समय $= \frac{20\times 5}{20-15}$

$= \frac{20\times 15}{5}$

$= 60$ दिन

15. यदि एक घन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल 96 वर्ग सेमी है तो घन का आयतन क्या होगा?

उत्तर: घन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 96$

$6a^2 = 96$

$\Rightarrow a^2 = \frac{96}{6} = 16$

$\Rightarrow a^2 = 4^2$

$\Rightarrow a = 4$ सेमी

घन का आयतन $= a^3 = 4^3 = 64$ सेमी^{3}

16. यदि $a-b=5$ तथा $a^2+b^2=97$ तो ab का मान क्या है

उत्तर: $a-b = 5$

$(a-b)^2 = 5^2$

$\Rightarrow a^2+b^2-2ab = 25$

$\Rightarrow 97-2ab = 25$

$\Rightarrow 2ab = 97-25$

$\Rightarrow 2ab = 72$

$\Rightarrow ab = \frac{72}{2} = 36$

17. $\frac{1+\tan^2\theta}{1+\cot^2\theta}$ का मान क्या हैं

उत्तर: $\frac{1+\tan^2\theta}{1+\cot^2\theta}$

$= \frac{\sec^2\theta}{\text{cosec}^2\theta}$

$= \frac{1}{\cos^2\theta} \times \frac{\sin^2\theta}{1}$

$= \tan^2\theta$

18. $\frac{(\text{cosec}\theta - \cot\theta)(1+\cos\theta)}{\sin\theta}$ का मान क्या हैं

उत्तर: $\frac{(\text{cosec}\theta - \cot\theta)(1+\cos\theta)}{\sin\theta}$

$= \frac{(\frac{1}{\sin\theta} - \frac{\cos\theta}{\sin\theta})(1+\cos\theta)}{\sin\theta}$

$= \frac{(1-\cos\theta)(1+\cos\theta)}{\sin^2\theta}$

$= \frac{1-\cos^2\theta}{\sin^2\theta}$

$= \frac{\sin^2\theta}{\sin^2\theta} = 1$

19. बिन्दु (1,2) तथा बिन्दु (2,3) को जोड़ने वाली रेखा की ढाल (slope) क्या हैं?

उत्तर: बिन्दु (1,2) तथा (2,3) को जोड़ने वाली रेखा की ढाल $= \frac{y_2-y_1}{x_2-x_1}$

$= \frac{3-2}{2-1} = \frac{1}{1} = 1$

20. किस राशि का 10% वार्षिक ब्याज की दर से 10 वर्ष का ब्याज 10 रुपये होगा?

उत्तर: मूलधन $= \frac{\text{ब्याज} \times 100}{\text{समय} \times \text{दर}}$

$= \frac{10\times 100}{10\times 10}$

$= 10$ रुपये

21. एक वर्ग का परिमाप वृत्त की परिधि के बराबर है तो वर्ग के क्षेत्रफल तथा वृत्त के क्षेत्रफल का अनुपात क्या हैं?

@apna_pdf

@apna_pdf

उत्तर: वर्ग का परिमाप = वृत्त की परिधि

$4 \times$ भुजा $= 2 \times \pi \times r$

$= \frac{\text{भुजा}}{r} = \frac{2\pi}{4} = \frac{\pi}{2}$

$\frac{\text{वर्ग का क्षेत्रफल}}{\text{वृत्त का क्षेत्रफल}} = \frac{\text{भुजा}^2}{\pi r^2}$

$= \frac{1}{\pi} \times \left(\frac{\text{भुजा}}{r}\right)^2$

$= \frac{1}{\pi} \times \frac{\pi^2}{4} = \frac{\pi}{4}$

$= \pi : 4$

22. 1000 रुपये का 20% वार्षिक ब्याज की दर से 1 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज क्या होगा यदि ब्याज छमाही संयोजित होता हैं?

उत्तर: ब्याज छमाही संयोजित होता है

$r = \frac{20}{2} = 10\%$

$n = 1 \times 2 = 2$

चक्रवृद्धि ब्याज $= P\left[\left(1+\frac{r}{100}\right)^n - 1\right]$

$= 1000\left[\left(1+\frac{10}{100}\right)^2 - 1\right]$

$= 1000\left[\left(\frac{11}{10}\right)^2 - 1\right]$

$= 1000 \times \frac{121-100}{100}$

$= 210$ रुपये

23. एक समबाहु त्रिभज की ऊँचाई 15 सेमी है तो उसका क्षेत्रफल ज्ञात करें?

उत्तर: समबाहु त्रिभज की ऊँचाई = 15 सेमी

$\frac{\sqrt{3}a}{2} = 15$

$\Rightarrow a = \frac{15\times 2}{\sqrt{3}} = \frac{30}{\sqrt{3}} = \frac{10\times 3}{\sqrt{3}}$

$= 10\sqrt{3}$ सेमी

समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $\frac{\sqrt{3}}{4} \times a^2$

$= \frac{\sqrt{3}}{4} \times (10\sqrt{3})^2$

$= \frac{\sqrt{3}}{4} \times 100 \times 3$

$= 75\sqrt{3}$ सेमी^{2}

24. राम जब 3 किमी/घंटा की चाल से विद्यालय जाता है तो 5 मिनट देर से पहुँचता है तथा 4 किमी/घंटा की चाल से जाता है तो 5 मिनट पहले पहुँच जाता है तो घर से विद्यालय की दुरी क्या है?

उत्तर: घर से विद्यालय की दूरी

$= \frac{(\text{चालों का गुणनफल})\ (\text{समय का योग})}{(\text{चालों का अंतर})\ 60}$

$= \frac{3\times 4}{4-3} \times \frac{5+5}{60}$

$= \frac{12}{1} \times \frac{10}{60}$

$= 2$ किमी

25. 2.14 घंटा को घंटा, मिनट तथा सेकंड में बदलें?

उत्तर: 2.14 घंटा = 2 घंटा + 014 घंटा

$0.14 \times 60 = 8.4$ मिनट = 8 मिनट + 0.4 मिनट

$0.4 \times 60 = 24$ सेंकड

2.14 घंटा = 2 घंटा 8 मिनट 24 सेकंड

26. $\frac{\sqrt{3}+1}{\sqrt{3}-1} + \frac{\sqrt{3}-1}{\sqrt{3}+1}$ का मान क्या हैं?

उत्तर: $\frac{\sqrt{3}+1}{\sqrt{3}-1} + \frac{\sqrt{3}-1}{\sqrt{3}+1}$

$= \frac{(\sqrt{3}+1)^2 + (\sqrt{3}-1)^2}{(\sqrt{3}-1)(\sqrt{3}+1)}$

$= \frac{(\sqrt{3})^2 + (1)^2 + 2\sqrt{3} + (\sqrt{3})^2 + (1)^2 - 2\sqrt{3}}{(\sqrt{3})^2 - (1)^2}$

$= \frac{3+1+3+1}{3-1}$

$= \frac{8}{2} = 4$

27. किसी राशि पर 5% वार्षिक ब्याज की दर से 2 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अंतर 1 रुपया है तो राशि क्या हैं?

उत्तर: 2 वर्ष के लिए,

चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अंतर $=$ मूलधन $\times \frac{(\text{दर})^2}{(100)^2}$

$1 =$ मूलधन $\times \frac{(5)^2}{(100)^2}$

$\Rightarrow$ मूलधन $= \frac{100\times 100}{5\times 5}$

$= 400$ रुपये

28. 20 सेमी भुजा वाले घन से 4 सेमी भुजा वाले कितने घन बनाये जा सकते हैं?

उत्तर: घनों की अभीष्ट संख्या

$= \frac{\text{बड़े घन का आयतन}}{\text{छोटे घन का आयतन}}$

$= \frac{(20)^3}{4^3} = \frac{20\times 20\times 20}{4\times 4\times 4}$

$= 5 \times 5 \times 5 = 125$

29. $\frac{27^{1.5} \times 9^{1.75}}{3^5} = 3^n$ तो n का मान क्या है?

उत्तर: $\frac{27^{1.5} \times 9^{1.75}}{3^5} = 3^n$

$\Rightarrow \frac{(3^3)^{1.5} \times (3^2)^{1.75}}{3^5} = 3^n$

$\Rightarrow \frac{3^{4.5} \times 3^{3.5}}{3^5} = 3^n$

$\Rightarrow 3^{8-5} = 3^n$

$\Rightarrow 3^3 = 3^n$

$\Rightarrow n = 3$

30. $x^2 - 11x + 30 = 0$ के मूलों का योग क्या हैं?

उत्तर: $x^2 - 11x + 30 = 0$

मूलों का योग $= \frac{-b}{a}$

$= \frac{-(-11)}{1}$

$= 11$

@apna_pdf

5.04.2021 (Shift–II)

1. पाँच संख्याएँ 1 : 2 : 3 : 4 : 5 के अनुपात में हैं, जिनका योग 30 है तो दूसरी तथा पाँचवी संख्या का योग क्या है?

उत्तर: $k + 2k + 3k + 4k + 5k = 30$

$15k = 30 \Rightarrow \frac{30}{15} = 2$

दूसरी तथा पाँचवी संख्या का योग

$= 2k + 5k$

$= 7k$

$= 7 \times 2 = 14$

2. किसी बहुभुज के आंतरिक तथा बाह्य कोण का अंतर 160 है तो भुजाओं की संख्या क्या है?

उत्तर: माना आंतरिक कोण = I

बाह्य कोण = E

प्रश्नानुसार,

$I - E = 16$

$I + E = 180$

$2I = 340$

$I = \frac{340}{2} = 170°$

बाह्य कोण $= E = 180° - 170° = 10°$

$\therefore$ भुजाओं की संख्या $= \frac{360°}{10} = 36$

3. $\sec\theta - \tan\theta = 2 - \sqrt{3}$ तो $1 - 2\cos^2\theta + 2\sin\theta\cos\theta$ का मान क्या है?

उत्तर: $\sec\theta - \tan\theta = 2 - \sqrt{3}$

$\theta = 60°$ रखने पर

$\sec 60° - \tan 60° = 2 - \sqrt{3}$

$1 - 2\cos^2\theta + 2\sin\theta\cos\theta$

$= 1 - 2\cos^2 60° + 2 \times \sin 60° \times \cos 60°$

$= 1 - 2 \times \left(\frac{1}{2}\right)^2 + 2 \times \frac{\sqrt{3}}{2} \times \frac{1}{2}$

$= 1 - 2 \times \frac{1}{4} + \frac{\sqrt{3}}{2}$

$= 1 - \frac{1}{2} + \frac{\sqrt{3}}{2}$

$= \frac{1}{2} + \frac{\sqrt{3}}{2}$

$= \frac{1+\sqrt{3}}{2}$

4. $a : b = 2 : 3$, $b : c = 4 : 5$, तो $c : a$ क्या होगा?

उत्तर: $a : b = 2 : 3 = 2 \times 4 : 3 \times 4$

$= 8 : 12$

$b : c = 4 : 5 = 4 \times 3 : 5 \times 3$

$= 12 : 15$

$a : b : c = 8 : 12 : 15$

$c : a = 15 : 8$

5. एक बैग में 10 पैसे तथा 5 पैसे के कुल 100 सिक्के हैं। यदि बैग में कुल 7.5 रुपये हैं तो 10 पैसे के सिक्कों की संख्या क्या है?

उत्तर: माना 10 पैसे के सिक्कों की संख्या $= x$

5 पैसे के सिक्कों की संख्या $= 100 - x$

प्रश्नानुसार,

$x \times \frac{10}{100} + (100 = x) \times \frac{5}{100}$

$= 7.25$

$10x + 500 - 5x = 725$

$\Rightarrow 5x = 725 - 500$

$\Rightarrow 5x = 225$

$\Rightarrow x = \frac{225}{5} = 45$

6. $x + y + z = 5$, $xy + yz + zx = 8$ तो $x^3 + y^3 + z^3 - 3xyz$ का मान क्या है?

उत्तर: $x + y + z = 5$

$(x + y + z)^2 = 5^2$

$= x^2 + y^2 + z^2 + 2(xy + yz + zx)$

$= 25$

$= x^2 + y^2 + z^2 + 2 \times 8 = 25$

$= x^2 + y^2 + z^2 = 25 - 16 = 9$

$= x^3 + y^3 + z^3 - 3xyz$

$= (x + y + z)$

$(x^2 + y^2 + z^2 - (xy + yz + zx)$

$= 5[9 - 8]$

$= 5 \times 1$

$= 5$

7. एक घनाभ की लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई क्रमशः 3 सेमी, 4 सेमी तथा 4 सेमी है तो उससे 2 सेमी भुजा वाले कितने घन बनाये जा सकते है?

उत्तर: अभीष्ट घनों की संख्या

$= \frac{\text{घनाभ का आयतन}}{\text{घन का आयतन}}$

$= \frac{3 \times 4 \times 4}{2 \times 2 \times 2}$

$= 6$

8. किसी घनाभ की लम्बाई उसकी चौड़ाई का दुगना है। चौड़ाई 12 सेमी है जो कि ऊँचाई का दुगुना है तो घनाभ का आयतन क्या है?

उत्तर: $2 \times$ ऊँचाई $= 12$

ऊँचाई $= \frac{12}{2} = 6$ सेमी

चौड़ाई $= 12$

लम्बाई $= 2 \times 12 = 24$ सेमी

घनाभ का आयतन = लम्बाई × चौड़ाई × ऊँचाई

$= 24 \times 12 \times 6$

$= 1728$ सेमी^{3}

9. एक रेलगाड़ी की गति 75 किमी/घंटा है। यदि वह 4:30 PM पर अमृतसर से खुलती है तथा 10:30 PM पर दिल्ली पहुँचती है तो अमृतसर से दिल्ली की दूरी क्या है?

उत्तर: रेलगाड़ी की गति = 75 किमी/घंटा

समय = 10:30 PM – 4:30PM

= 6 घंटे

अमृतसर से दिल्ली की दूरी

= गति × समय

$= 75 \times 6$

= 450 किमी

10. A तथा B की आय का अनुपात 7:5 है। तथा A तथा B के खर्च का अनुपात 9:7 है। तथा उनकी बचत क्रमशः 1700 रुपये तथा 1100 रुपये है तो A तथा B की आय क्या है?

उत्तर:- माना A तथा B की आय $7x$ तथा $5x$ है

A तथा B का खर्च $9y$ तथा $7y$ है

प्रश्नानुसार,

$7x - 9y = 1700$ ....(1)

$5x - 7y = 1100$ ....(2)

समीकरण (1) में 7 से तथा समीकरण (2) में 9 से गुणा करके घटाने पर,

@apna_pdf

@apna_pdf

$49x - 63y - 45x + 63y = 11900 - 9900$

$4x = 2000$

$x = \frac{2000}{4} = 500$

A की आय $= 7x = 7 \times 500$

$= 3500$ रुपये

B की आय $= 5x = 5 \times 500$

$= 2500$ रुपये

11. यदि A, A तथा B से 12 दिन अधिक में किसी कार्य को पूरा करता है। B, A तथा B से 27 दिन अधिक में कार्य को पूरा करता है तो A तथा B मिलकर कार्य को कितने दिन में पूरा करेंगे?

उत्तर: A, (A + B) से 12 दिन अधिक समय लेता है।

B, (A + B) से 27 दिन अधिक समय लेता है।

∴ (A + B) द्वारा कार्य को पूरा करने में लगा समय $= \sqrt{12 \times 27}$

$= \sqrt{4 \times 3 \times 27}$

$= 2 \times 9 = 18$ दिन

12. 2.47 घंटा को घंटा, मिनट तथा सेकंड में बदलो?

उत्तर: 2.47 घंटा = 2 घंटा + 0.47 घंटा

$0.47 \times 60 = 28$ मिनट + 0.2 मिनट

$0.2 \times 60 = 12$ सेकंड

2.47 घंटा = 2 घंटा, 28 मिनट, 12 सेकंड

13. दो संख्याओं का ल०स० 60 तथा म०स० 30 है। यदि एक संख्या 12 है तो दूसरी संख्या क्या है?

उत्तर:- पहली संख्या × दूसरी संख्या = ल०स० × म०स०

$12 \times$ दूसरी संख्या $= 60 \times 30$

दूसरी संख्या $= \frac{60 \times 30}{12} = 150$

14. राम और श्याम की वर्तमान आयु का अनुपात 7:6 है। 9 वर्ष बाद 10:9 हो जाता है तो राम की वर्तमान आयु क्या है?

उत्तर: माना राम की आयु = 7k

श्याम की आयु = 6k

प्रश्नानुसार,

$\frac{7K + 9}{6K + 9} = \frac{10}{9}$

$\Rightarrow 63k + 81 = 60k + 90$

$\Rightarrow 63k - 60k = 90 - 81$

$\Rightarrow 3k = 9$

$\Rightarrow k = \frac{9}{3} = 3$

राम की वर्तमान आयु = 7k

$= 7 \times 3 = 21$ वर्ष

15. $(15^{300} + 1)$ को 10 से भाग देने पर शेषफल क्या होगा?

उत्तर: $\frac{15^{300} + 1}{10}$ का शेषफल

$= \frac{(15)^{300}}{10}$ का शेषफल + $\frac{1}{10}$ का शेषफल

$= 5 + 1$

$= 6$

16. $\cos^4\theta - \sin^4\theta = \frac{3}{5}$ तो $1 - 2\sin^2\theta$ का मान क्या है?

उत्तर: $\cos^4\theta - \sin^4\theta = \frac{3}{5}$

$\Rightarrow (\cos^2\theta + \sin^2\theta)(\cos^2\theta - \sin^2\theta)$

$= \frac{3}{5}$

$\Rightarrow 1 - \sin^2\theta - \sin^2\theta = \frac{3}{5}$

$\Rightarrow 1 - 2\sin^2\theta = \frac{3}{5}$

17. $\tan\theta + \cot\theta = 2$ तो $\tan\theta + \cot\theta + 2\tan\theta \cot\theta$ का मान क्या है?

उत्तर: $\tan\theta + \cot\theta = 2$

$1 + 1 = 2$

$\therefore \tan 45° + \cot 45° = 2$

$\therefore \theta = 45°$

$= \tan\theta + \cot\theta = 2 \tan\theta + \cot\theta$

$= \tan 45° + \cot 45° + 2 \tan 45° + \cot 45°$

$= 1 + 1 + 2 \times 1 \times 1$

$= 2 + 2$

$= 4$

18. $\sqrt{\frac{0.91 \times 0.11}{9.1 \times 1.331}}$ का मान क्या है?

उत्तर: $\sqrt{\frac{0.91 \times 0.11}{9.1 \times 1.331}}$

$= \sqrt{\frac{91 \times 11 \times 10 \times 1000}{91 \times 1331 \times 100 \times 100}}$

$= \sqrt{\frac{1}{121}} = \frac{1}{11}$

19. दो शहरों चंडीगढ़ तथा कालका के बीच की दूरी 50 किमी है। सचिन की गति अनिल से 6 किमी/घंटा कम है। अनिल कालका पहुँचकर वापस चंडीगढ़ की ओर मुड़ता है। रास्ते में अनिल, सचिन से कालका से 20 किमी पहले मिल जाता है। अनिल तथा सचिन की गति क्या है?

उत्तर:

चंडीगढ़ ——— कालका

माना अनिल की गति = x किमी/घंटा

सचिन की गति = $(x - 6)$ किमी/घंटा

प्रश्नानुसार,

$\frac{70}{x} = \frac{30}{x - 6}$

$= 7x - 42 = 3x$

$= 4x = 42$

$= x = \frac{42}{4} = \frac{21}{2} = 10.5$ किमी/घंटा

सचिन की गति $= 10.5 - 6$

$= 4.5$ किमी/घंटा

